दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 189
कोटद्वार बुधवार
9 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## नैनी-दून जनशताब्दी एक्सप्रेस रद्द होने से यात्री रहे परेशान

**देहरादून।** देहरादून-कुमाऊं के बीच चलने वाली नैनी दून जनशताब्दी एक्सप्रेस मंगलवार को रद्द रही। ट्रेन के रद रहने से देहरादून से कुमाऊं जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन अधीक्षक शशांक शर्मा ने बताया कि नैनी दून जनशताब्दी सोमवार सुबह शंटिंग के दौरान काठगोदाम में पटरी से उतर गई थी, जिस कारण रेलवे ने इस ट्रेन को रद्द किया है। बताया कि यह ट्रेन सप्ताह में पांच दिन चलती है। सोमवार को 12रू30 बजे ट्रेन को दून पहुंचना था और यहां से 3:55 पर वापस चलना था, लेकिन आने और जाने वाली दोनों ट्रेन रद्द कर दी गई।

## भूख हड़ताल पर बैठे एक और छात्र की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**देहरादून।** छात्रसंघ चुनाव की मांग पर डीएवी पीजी कलेज में भूख हड़ताल पर बैठे एक और छात्र अमन भटनागर की भी मंगलवार दोपहर तबियत बिगड़ गयी। जिस पर उसे एम्बुलेंस से कोरोनेशन अस्पताल ले जाया गया। वही अन्य छात्रो की हड़ताल जारी है। कलेज में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्र संघर्ष समिति ने शनिवार दे कलेज परिसर में भूख हड़ताल शुरू की है। उनका कहना है कि जब तक चुनाव की घोषणा नहीं की जाएगी, आंदोलन जारी रहेगा। छात्र नेता अंकित बिष्ट ने बताया कि कोरोना के चलते पिछले तीन साल से चुनाव नहीं हो पाया लेकिन स्थिति सामान्य होने के बाद भी सरकार चुनाव को लेकर गंभीर नहीं है। जबकि छात्रसंघ चुनाव छात्रों के लिए बेहद जरूरी है। इस दौरान मनमोहन रावत, आकिब अहमद, ाषभ मल्होत्रा, राहुल जग्गी रितिक, सुमित श्रीवास्तव और अमन भटनागर सहित कई छात्र मौजूद रहे।

## नदी में गिरी श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रली, तीन लोगों की मौत, 20 से ज्यादा घायल

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** मध्य प्रदेश के दतिया जिले में बीती रात बड़ा हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रली नदी में गिर गई। इससे तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घायलों को दतिया और ग्वालियर के अस्पतालों में रेफर कर दिया गया है। ट्रैक्टर ट्रली में सवार लोग रतनगढ़ माता मंदिर से दर्शन करके लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार हादसा दतिया जिले में हुआ है। बताया गया कि सोमवार सुबह भिंड जिले के दबोह थाना क्षेत्र के जाखोली बिंडवा गांव के कुशवाह परिवार और क्षेत्र के अन्य लोग माता के जवारे लेकर ट्रैक्टर ट्रली में सवार होकर रतनगढ़ माता मंदिर गए थे।

### स्थापना दिवस से पहले सीएम धामी की सौगात

# ढाई लाख कर्मचारियों व पेंशनरों के लिए डीए के आदेश जारी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस से पहले प्रदेश के करीब ढाई लाख कर्मचारियों व पेंशनरों को महंगाई भत्ते (डीए) की सौगात दी। मंगलवार को सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने इसके आदेश जारी कर दिए।

बता दें कि प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य कर्मचारियों को चार प्रतिशत बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता दिए जाने पर सहमति हो गई थी। कैबिनेट ने मुख्यमंत्री को फैसला लेने के लिए अधित किया था। माना जा रहा था कि राज्य स्थापना दिवस के आसपास मुख्यमंत्री डीए की सौगात दे सकते हैं।

शनिवार को उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक समन्वय समिति के पदाधिकारियों के साथ वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने डीए की घोषणा कर दी थी। सोमवार को उन्होंने डीए की फाइल पर अनुमोदन दे दिया।

वित्त विभाग ने महंगाई भत्ते पर खर्च होने वाली धनराशि की व्यवस्था कर ली है। डीए पर हर माह 42 से 45 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है। चार फीसदी डीए मिलने से राज्य कर्मचारियों को उनकी श्रेणी के हिसाब से 550 से लेकर 10 हजार रुपये तक की वेतन बढ़ोतरी का लाभ मिल सकता है।

## मौसम विभाग : 9 व10 नवंबर को ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की आशंका

**देहरादून।** उत्तराखंड के पांच पहाड़ी जिलों में बुधवार और गुरुवार को हल्की बारिश एवं बर्फबारी की आशंका जताई गई है। मंगलवार को प्रदेश के सभी जिलों में मौसम साफ रहा। लेकिन कहीं-कहीं बादल छाए रहे। मैदानी इलाकों में धुंध का असर भी दिखाई पड़ा। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार शाम को जारी पूर्वानुमान में बताया गया कि नौ और दस नवंबर को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़ में ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की आशंका है। वहीं मैदानी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। सुबह के समय जरूर हल्की धुंध बनी रह सकती है। मंगलवार को भी प्रदेश के मैदानी क्षेत्र में सुबह घनी धुंध छायी रही। लेकिन दोपहर बाद हल्की धूप से लोगों को राहत मिली। देहरादून का तापमान अधिकतन 29 और न्यूनतम 14 डिग्री के आसपास बना है।

# श्रीहरिकोटा से 12 से 16 नवंबर के बीच लांच होगा देश का पहला प्राइवेट रॉकेट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का पहला प्राइवेट राकेट लांच होने के लिए तैयार है। प्राइवेट राकेट को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से 12-16 नवंबर के बीच छोड़ा जाएगा। स्पेस स्टार्टअप कंपनी स्काइरूट एयरोस्पेस ने मंगलवार को बताया कि विक्रम-एस नामक यह राकेट टेस्ट फ्लाइट के लिए तैयार हो चुका है, और इसे लांच करने के लिए इसरो ने स्काईरूट एयरोस्पेस को 12 नवंबर से 16 नवंबर का समय दिया है।

बता दें कि स्काईरूट एयरोस्पेस के इस मिशन का नाम शमिशन प्रारंभश रखा गया है। स्काईरूट ने बताया कि यह राकेट तीन ग्राहक पेलोड ले जाएगा। इस राकेट का नाम मशहूर वैज्ञानिक डाक्टर विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। डाक्टर विक्रम साराभाई ने ही इसरो की स्थापना की थी।

कंपनी के ब्म्ठ और को-फाउंडर पवन कुमार चांदना ने बताया राकेट लांच की फाइनल तारीख मौसम की स्थिति के अनुरूप तय होगी। उन्होंने कहा कि विक्रम-एस राकेट इतने कम समय में सिर्फ इसरो और के सहयोग की बदौलत ही तैयार सका है। इसके अलावा स्काईरूट के सह-संस्थापक नागा भरत डाका ने कहा कि विक्रम-एस राकेट एक सिंगल स्टेज सब-आर्बिटल लांच व्हीकल है, जो तीन ग्राहक पेलोड अंतरिक्ष में ले जाएगा। मिशन प्रारंभ के साथ ही स्काईरूट एयरोस्पेस राकेट लांच करने वाली भारत की पहली प्राइवेट अंतरिक्ष कंपनी बन जाएगी।स्काईरूट एयरोस्पेस भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में इतिहास रचने जा रही है। जानकारों के मुताबिक इस राकेट लांच के बाद भारत में राकेट लांचिंग की प्रक्रिया 30-40 फिसदी सस्ती हो सकती है। दरअसल, इस राकेट में 3क्र क्रायोजेनिक इंजन का उपयोग किया जा रहा है। इस इंजन में खास तरह का ईंधन का इस्तेमाल किया जाएगा।

यह ईंधन ना सिर्फ किफायती होगा बल्कि पर्यावरण को भी कम नुकसान पहुंचाएगा। अगर यह राकेट लांचिंग सफल हुई तो भविष्य में भी इसी किफायती ईंधन का प्रयोग किया जा सकता है।

# शिक्षा मुनाफा कमाने वाला धंधा नहीं, ट्यूशन फीस किफायती होनी चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं है और ट्यूशन फीस हमेशा सस्ती होनी चाहिए। बता दें कि आंध्र प्रदेश सरकार ने फीस 24 लाख रुपये प्रति वर्ष बढ़ाने का निर्णय किया था, जो निर्धारित फीस से सात गुना अधिक थी। इसको बाद में हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने सोमवार को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए यह टिप्पणी की।

आंध्र प्रदेश सरकार ने 6 सितंबर, 2017 को अपने सरकारी आदेश में एमबीबीएस छात्रों की ट्यूशन फीस में वृद्धि की थी। अदालत ने कहा, हमारी राय है कि हाई कोर्ट ने 6 सितंबर, 2017 के उस सरकारी आदेश को रद्द करने में कोई गलती नहीं की है, जोकि 2017-2020 के लिए ट्यूशन फीस बढ़ाने से जुड़ा हुआ है। कोर्ट ने कहा, फीस को बढ़ाकर 24 लाख रुपये सालाना करना यानी पहले तय फीस से सात गुना ज्यादा करना बिल्कुल भी जायज नहीं था। शिक्षा लाभ कमाने का धंधा नहीं है। ट्यूशन फीस हमेशा सस्ती होनी चाहिए।कोर्ट ने आगे कहा कि ट्यूशन फीस का निर्धारणध् समीक्षा करते समय कुछ कारकों पर प्रवेश और शुल्क नियामक समिति द्वारा विचार किया जाना आवश्यक है। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने 6 सितंबर, 2017 के सरकारी आदेश के तहत ट्यूशन फीस की राशि वापस करने के निर्देश जारी करने में कोई गलती नहीं की है

### अगले वर्ष होने वाली जी 20 बैठक का लोगो, थीम व वेबसाइट पीएम मोदी ने किया लांच

# बड़ा अवसर है जी-20 की अगुवाई: मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अगुवाई में दुनिया के सबसे संपन्न 20 देशों के समूह (जी-20) की अगले वर्ष होने वाली बैठक का लोगो, थीम और वेबसाइट मंगलवार को पीएम नरेन्द्र मोदी ने जारी किया। पीएम मोदी ने देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर इस आयोजन को देश के लिए एक बहुत बड़ा अवसर बताया और कहा कि यह 130 करोड़ भारतीयों की शक्ति व सामर्थ्य का प्रतीक है।

पीएम ने आजादी के बाद देश के विकास में सभी सरकारों व लोगों के योगदान को सराहा और कहा कि भविष्य की राह हमें और ज्यादा ऊर्जा के साथ पूरी करनी है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में जी20 की बैठक तब हो रही है, जब पूरी दुनिया में अनिश्चितता व संकट का माहौल है। सदियों में एक बार होने वाली महामारी से दुनिया अभी उबर रही है और कई तरह के संकट व आर्थिक अनिश्चितता भी कायम है।




पीएम मोदी ने कहा कि यह भारत की जिम्मेदारी है कि वह अपनी हजारों साल की संसति की बौद्धिकता व आधुनिकता से दुनिया को परिचित कराये। भारत की यात्रा हजारों वर्षों की है जिसमें उसने वैभव भी देखा है और सदियों की गुलामी भी देखी है। जी-20 की बैठक एक अवसर है जहां हम भारत की परंपरा व ज्ञान को एक साथ दुनिया को दिखा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष बाली (इंडोनेशिया) में होने वाली ळ-20 शिखर बैठक में वह हिस्सा लेंगे। भारत को ळ-20 का नेतृत्व एक दिसंबर, 2022 से मिलेगा।

सरकार ने जो थीम सोमवार को सार्वजनिक किया है उसके केंद्र में खिलते हुए कमल में विश्व को दिखाया गया है। पीएम मोदी ने इसके बारे में कहा कि यह लोगो मौजूदा विश्व में उम्मीद को दिखाता है। चाहे हालात कितने भी खराब हो, कमल जरूर खिलता है। अभी दुनिया में कई समस्याएं हैं लेकिन हम उन्नति करेंगे और दुनिया को एक बेहतर जगह बनाएंगे। भारतीय संसति में ज्ञान व संपन्नता की देवी कमल पर ही विचरण करती हैं। आज दुनिया को इसी चीज की जरूरत है। यही वजह है कि लोगो में दुनिया को कमल के बीच में दिखाया गया है।

पीएम ने कहा कि जी-20 के महत्व को इस बात से समझा जा सकता है कि इसमें शामिल 20 देशों की इकोनोमी का कुल आकार वैश्विक इकोनोमी का 85 फीसद है। साथ ही वैश्विक कारोबार का 75 फीसद इन देशों के बीच ही होता है जबकि पूरी दुनिया की 67 फीसद आबादी इन देशों में रहती है। इस साल की बैठक 15-16 नवंबर, 2022 को होने जा रही है, जिसमें पीएम मोदी के अलावा अन्य सदस्य देशों के प्रमुखों के भी हिस्सा लेने की उम्मीद है। जी-20 में अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मेक्सिको, रूस, सउदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्कीए, ब्रिटेन, अमेरिका व यूरोपीय संघ शामिल हैं।

# भारत और रूस के बीच महत्वपूर्ण संबंध: जयशंकर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को मास्को में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत में कहा कि भारत और रूस के बीच महत्वपूर्ण और टाइम टेस्टेड संबंध हैं और अब इसका उद्देश्य बढ़ते आर्थिक सहयोग की पृष्ठभूमि में एक संतुलित व पारस्परिक रूप से लाभप्रद और लंबे समय तक संबंध को बढ़ाना है। उन्होंने शुरुआती बातचीत में कहा कि ब्व्टप्क्-19 महामारी, वित्तीय दबाव और व्यापार कठिनाइयों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर काफी प्रभाव डाला है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, श्इन सब में अब हम यूक्रेन संघर्ष के परिणामों को सबसे ऊपर देख रहे हैं। साथ ही, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे भी हैं। इन दोनों का प्रगति और समृद्धि पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी बातचीत समग्र वैश्विक स्थिति के साथ-साथ विशिष्ट क्षेत्रीय चिंताओं को दूर करेगी। उन्होंने कहा कि भारत और रूस एक तेजी से बढ़ती दुनिया में एक-दूसरे के साथ जुड़ रहे हैं।

एस जयशंकर ने कहा कि रूस के साथ हमारे महत्वपूर्ण और समय-परीक्षणित संबंध हैं।

हम इस संबंध का विस्तार करने और इसे और अधिक टिकाऊबनाने के तरीके खोजने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने उन क्षेत्रों पर चर्चा की जहां दोनों देशों के बीच स्वाभाविक हित हैं। उन्होंने कहा हमने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लक्ष्यों की सर्वोत्तम सेवा के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि रूसी समकक्ष के साथ अफगानिस्तान के अनेक क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमने चर्चा की है कि अफगानिस्तान के लोगों के लिए अपना समर्थन कैसे जारी रखें।

बता दें कि विदेश मंत्री मास्को की यात्रा पर हैं। एस जयशंकर और उनके रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव ने आपसी हितों के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत की। विदेश मंत्री सोमवार शाम मास्को पहुंचे थे। फरवरी में यूक्रेन संघर्ष शुरू होने के बाद से जयशंकर और लावरोव अब तक चार बार मिल चुके हैं। जब से यूक्रेन संघर्ष शुरू हुआ है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ-साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की से कई बार बात की है।

# राज्यपाल ने दी सभी प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन से जुड़े सभी ज्ञात-अज्ञात, अमर शहीदों और आंदोलनकारियों को नमन किया।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर हमें अपने लिये तीन लक्ष्य निर्धारित करने हैं,- इमीडियेट गोल, इण्टरमीडियेट गोल और सेंचुरी गोल। इमीडियेट गोल, यानी तत्काल हासिल किया जाने वाला लक्ष्य, जो कि 2025 तक का उत्तराखण्ड कैसा होगा, जब हम अपनी स्थापना के 25 वर्ष मना रहे होंगे, यह तय करना है। इण्टरमीडियेट गोल, 2030 तक, यानी तीसरे दशक की समाप्ति पर उत्तराखण्ड कैसा होगा। यह वही दशक है जिसे हमें अपना बनाना है। जिसके बारे में प्रधानमंत्री जी ने भी कहा है। तीसरा, सेन्चुरी गोल, यानी 2047 तक जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष मना रहा होगा। आजादी के अमृत काल का अंतिम सोपान। तब उत्तराखण्ड किस स्वरूप में होगा यह लक्ष्य हमें इस अवसर पर तय करना है।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। महिलाएं हमारे परिवार की सबसे सशक्त सदस्य हैं। आज भी राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में महिलाएं ही आर्थिक व सामाजिक सरंचना की रीढ़ हैं। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार हमारी प्राथमिकता होनी चाहिये। राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं उन्हें और सहारा देने की जरूरत है। राज्य में स्थानीय उत्पादों पर आधारित महिला उद्यमों को प्रोत्साहन से महिला सशक्तीकरण एवं स्थानीय उत्पादों के संरक्षण का दोहरा लक्ष्य प्राप्त होगा। हमें इस दिशा में महिलाओं के नेतृत्व क्षमता का विकास करना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पाद राज्य की आर्थिक समृद्धि का आधार बन सकते हैं। हमें पैकेजिंग और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। स्थानीय उत्पादों पर आधारित उद्यमों के प्रोत्साहन से आर्थिक स्वावलंबन, स्वरोजगार तथा रिवर्स माइग्रेशन के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री जी के ''वोकल फोर लोकल'' मंत्र की सफलता के लिये भी राज्य के स्थानीय उत्पादों, पारम्परिक फसलों, अनाज तथा हस्तशिल्पों का संरक्षण आवश्यक है। स्थानीय उत्पादों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के बाजार उपलब्ध कराये जाने आवश्यक है।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, मूलभूत सेवाओं में सुधार के द्वारा ही पलायन को रोका जा सकता है। राज्य में ही रोजगार तथा स्वरोजगार के अधिकाधिक अवसरों के माध्यम से रिवर्स माइग्रेशन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने उत्तराखण्ड में अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर्यटन और संसति को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये हैं। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र केदारनाथ जी-बद्रीनाथ जी में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराये जा रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री जी द्वारा गौरीकुण्ड-केदारनाथ, और गोबिंदघाट-हेमकुण्ड साहिब रोपवे का शिलान्यास किया गया। इन रोपवे के बन जाने से घंटों का कठिन सफर मिनटों में होगा अधिक तीर्थयात्रियों का आना होगा स्थानीय दुकानों होटलों को अधिक लाभ होगा।

# चंद्र ग्रहण के चलते रहे बदरीनाथ सहित अन्य मंदिर बंद

**चमोली।** चंद्र ग्रहण के चलते मंगलवार को चमोली जिले में बदरीनाथ सहित अन्य मंदिर दिनभर बंद रहे। बदरीनाथ और समीपवर्ती अधीनस्थ मंदिर चंद्रग्रहण के दौरान मंगलवार को सुबह बंद कर दिए गए थे। श्री बदरीनाथ मंदिर सहित मां लक्ष्मी मंदिर, मातामूर्ति मंदिर, आदिकेदारेश्वर मंदिर, श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ, वासुदेव मंदिर, दुर्गा मंदिर, योग बदरी पांडुकेश्वर, ध्यान बदरी उर्गम, भविष्य बदरी मंदिर सुभाई आदि मंदिर ग्रहणकाल में बंद रहे। मंगलवार को ग्रहणकाल के सूतक शुरू होते मंदिर बंद किए गए। बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़



ने बताया कि पंचांग गणना के अनुसार भारत में चंद्र ग्रहण शाम 5 बजकर 32 मिनट पर शुरू हुआ तथा शाम 6 बजकर 18 मिनट पर समाप्त हुआ। हालांकि ग्रहणकाल सीमित समय के लिए रहा, लेकिन सूतककाल के चलते मंदिर प्रातरू काल से ही बंद किए गए। श्री बदरीनाथ मंदिर सहित मंदिर समिति के अधीनस्थ तथा दस्तूरधारी सभी छोटे-बड़े मंदिर प्रातरू 8 बजकर 15 मिनट पर बंद किये गये। इससे पूर्व अभिषेक, पूजा अर्चना, दर्शन, अभिषेक तथा बाल भोग लगाया गया। ग्रहणकाल के पश्चात शाम 6 बजकर 25 मिनट पर मंदिर खुले और शुद्धिकरण के पश्चात अभिषेक पूजा संपन्न हुई।

## बादलों के कारण नैनीताल में नहीं दिखा चंद्रग्रहण

**नैनीताल।** चंद्रग्रहण का नजारा मंगलवार को घने बादलों के कारण नैनीताल में नहीं देखा जा सका। जिस कारण इस सुंदर दृष्य का नजारा देखने के उत्सुक लोगों को निराश होना पड़ा। आर्यभट्ट प्रेषण विज्ञान शोध संस्थान में भी चंद्रग्रहण को देखने के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं। एरीज के पब्लिक आउटरीच कार्यक्रम प्रभारी डा विरेंद्र यादव के अनुसार घने बादलों के बीच ग्रहण किसी भी समय पूर्ण रूप से नहीं देखा गया।

## जिले के तीन शहरों में होगी समूह ग की परीक्षा

**पौड़ी** : उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 18 दिसंबर को समूह ग की परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्व कराने को लेकर डीएम डॉ. आशीष चौहान ने वीसी के माध्यम से बैठक लेते हुए अधिकारियो को निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए प्राथमिकता के आधार पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने, परीक्षा केंद्रों में धारा 144 का सख्ती से पालन कराने, परीक्षा केंद्रों पर तैनात किए जाने वाले पुलिस कार्मिकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले के तीन शहरों कोटद्वार में 9, श्रीनगर में 10 और पौड़ी में 7 कुल 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 8998 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसमें कोटद्वार के परीक्षा केंद्रों में 4292, श्रीनगर में 2658 और पौड़ी में 2048 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। बैठक में अपर जिला अधिकारी ईला गिरी आदि शामिल थे।

# शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

## बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप की ओर से मनाया गया स्थापना दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** बंगाल इंजीनियरिंग (बीईजी) ग्रुप का 220 वां स्थापना दिवस कोटद्वार में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्षा ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। कहा कि देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

आयोजित कार्यक्रम का विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया।देवी रोड स्थित एक बारातघर में आयोजित कार्यक्रम में बीईजी ग्रुप का स्थापना दिवस मनाया गया। अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बीईजी ने 220 वर्षो के लंबे इतिहास में अपनी एकता, सेवा एवं कुशलता का परिचय देते हुए विश्व में जो अपनी धाक जमायी है, उस पर प्रत्येक भारतवासी गर्व कर रहा है। दो शताब्दियों से ज्यादा समय के गौरवमयी इतिहास को संजोये सेना के इस अंग ने अनेक नाजुक मोड़ों पर अपनी शूरवीरता का परिचय देकर राष्ट्र की सुरक्षा में अपनी सशक्त व महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। कहा कि देश में 1962, 1971 और कारगिल युद्ध के दौरान बीईजी ने सराहनीय प्रदर्शन किया। सेना से सेवानिवृत्त हुए गजेंद्र सिंह धस्माना ने कहा कि बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप का स्थापना दिवस कोटद्वार में पहली बार मनाया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए सभी पूर्व सैनिकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान क्रेडल पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में क्रेडल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रेणुका गुसाईं, वास्‌ावानंद खंतवाल, सीताराम भारद्वाज, कैप्टन दिवाकर लखेरा, रमेश पुंडीर, भरत रावत, कमलेश कुकरेती, नरेंद्र सिंह, शिव सिंह नेगी, प्रकाश रावत, दीपक नेगी, धर्मपाल, राजेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों को सम्मानित करती विस अध्यक्ष ।

## 20 नवंबर को होगा सामूहिक विवाह

**कोटद्वारः** भारत विकास परिषद कोटद्वार की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे निर्णय लिया गया कि आगामी 20 नवम्बर को चार सामूहिक सरल कन्या विवाह का विवाह किया जाएगा । सामूहिक सरल कन्या विवाह के प्रान्तीय प्रकल्प प्रमुख कैलाश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि आगामी 20नवम्बर रविवार को सामूहिक सरल कन्या विवाह करवाया जाएगा। विवाह गाड़ीघाट स्थित एक बारात घर में होगा। कहा कि जिन कन्याओं का विवाह होना है उनका रजिस्ट्रेशन भी करवा दिया गया है। उन्होने बताया कि परिषद की ओर से सभी वर–बधु को जीवनोपयोगी वस्तुऐ भेंट की जायेगी। कार्यक्रम के सह संयोजक की जिम्मेदारी राजेन्द्र जखमोला को दी गई है। बैठक की अध्यक्षता राकेश ऐरन व संचालन सुनील गुप्ता इस मौके पर सुभाष नैथानी, सेवकराम मनुजा, गोपाल बंसल, श्रीकृष्ण सिंधानिया, गोपाल बंसल, राकेश मित्तल, प्रदीप अग्रवाल, मीनाक्षी शर्मा, बीना मित्तल, द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, विष्णु कुमार आदि मौजूद रहे।

# मुकदमा दर्ज, हत्यारे को किया गिरफ्तार

## बदभद्रपुर में आरोपी ने की थी अपने भाई की हत्या



कोटद्वार कोतवाली में पुलिस हिरासत में हत्यारोपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बदलभद्रपुर में सिलेंडर से वार कर अपने भाई की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस कर्मी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मालूम हो कि रविवार रात बलभद्रपुर निवासी सुधीर उर्फ सुखवीर ने सिलेंडर से हमला कर अपने भाई युद्धवीर की हत्या कर दी थी। सोमवार सुबह पड़ोसियों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के एक कमरे में लहुलुहाल हालत में पड़े शव को बरामद किया। आरोपित सुधीर ने पुलिस पूछताछ में स्वयं हत्या करने की बात कबूली। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि दोनों भाईयों के साथ मकान में उनकी मां भी रहती थी। लेकिन, वह मानसिक रूप से बीमार है। ऐसे में पुलिस ने मृतक के स्वजनों से संपर्क कर मामले में पुलिस को तहरीर देने को कहा। लेकिन, किसी की ओर से भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई। ऐसे में पुलिस ने कोतवाली में तैनात कास्टेबल हर्षवर्धन की तहरीर पर आरोपित को खिलाफ हत्या कर मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# शिक्षकों ने सीखे गणित के आसान और प्रभावी शिक्षण के गुर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगांव, पौड़ी गढ़वाल द्वारा राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज कोटद्वार में गणित विषय को सरल बनाने के लिए प्राथमिक शिक्षकों की पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षक शिक्षकों को नई तकनीकी सिखा रहे है। यह सीखने के बाद यह शिक्षक इसे अपने छात्रों को बेहतर ढंग से समझा सकेगें। इस तकनीकी को सीखने वाले शिक्षक भी मानते है कि इससे बच्चों में गणित के प्रति रूचि भी बढ़ेगी। कार्यशाला में 9 ब्लाकों के लगभग 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ राआइंकॉ कोटद्वार के प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह रावत, कार्यक्रम समन्वयक डायट प्रवक्ता डॉ. एनपी उनियाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर डायट प्रवक्ता डॉ. एनपी उनियाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चे आसानी से खेल-खेल में गणित की संक्रियाओं को आसानी से सीख सकते हैं। अबेकस से बच्चों में सोचने समझने की शक्ति के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। इस समय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगांव, पौड़ी गढ़वाल ने इस कार्यक्रम को अपने प्रोजेक्ट के रुप में रखा है। प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह रावत ने शिक्षकों को प्रशिक्षण के माध्यम से मिली जानकारी को विद्यालय के बच्चों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन राजीव थपलियाल ने किया। इस मौके पर हर्षमणि नौडियाल, आशीष नेगी, सीमा नेगी, भावना कुकरेती, राजेश उनियाल, सुमनलता ध्यानी, खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद, जसपाल सिंह असवाल, पंकज कुकरेती, नेहा मोहन, जयराम सिंह, गरिमा रावत, विजयलक्ष्मी रावत, शबनम अहमद, श्रीमती स्नेहा, रूबीना, सरोजनी रावत, गुमान सिंह, सुमनलता रावत, विनोद कुमार, विनोद शंकर देवलाल, खेमराज जखमोला, अनूप रावत, विनीता ध्यानी आदि मौजूद थे।




राआइंकॉ कोटद्वार के प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह रावत कार्यशाला में शिक्षिका का स्वागत करते हुए।

## स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : बैकुंठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर कमलेश्वर महादेव मंदिर श्रीनगर में मेरा गांव-स्वच्छ गांव के संयोजक इं. भवान सिंह रावत ने मंदिर परिसर में अपने हाथों द्वारा बनाए कूड़ादान लगाकर स्वच्छता अभियान में सहयोग दिया। इस दौरान दूर-दूर से आए सभी भक्तों को उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इं.भवान सिंह रावत विगत कई वर्षो से अनेक गांवों व अवसरों में जाकर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। इस अवसर पर इं. रावत ने कहा जब स्वस्थ्य जीवन के लिए स्वच्छता बनाए रखनी जरूरी है।

## आर्यन का एशियन चैंपियनशिप के लिए चयन

**श्रीनगर** : आर्यन कंडारी ने एक बार फिर उत्तराखंड स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में ओवर ऑल दो गोल्ड मेडल हासिल किए हैं। उन्होंने यह गोल्ड देहरादून में चल रहे पावर लिफ्टिंग में जीते हैं। आर्यन के पिता वासुदेव कंडारी ने बताया कि आर्यन ने एक गोल्ड पावर लिफ्टिंग में व एक डेड लिफ्टिंग में जीता। इसी के साथ-साथ एशियन चैंपियनशिप के लिए उनका चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि एशियन चैंपियनशिप 25-26 नवंबर 2022 को कजाकिस्तान में होगी। आर्यन की सफलता पर श्रीनगर के लोगों ने खुशी जताई है।

# सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले हुए सम्मानित

## भरत महोत्सव के तीसरे दिन आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भरत महोत्सव के तीसरे दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजित किया गया। इस दौरान सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

आयोजित तीसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, हंस फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी पद्मेन्द्र बिष्ट व प्रकाश कोठारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने पद्मश्री डा. माधूरी बड़थ्वाल को भरत भूमि गौरव सम्मान, निरूंज ध्यानी को एपीजे अब्दुल कलाम यंग जीनियस अवार्ड, स्वेता व डा.मदन मोहन नौडियाल को सर्वोदय सेवक मानसिंह रावत, अनुराधा भारद्वाज को बीर बाला तीलू रौतेली सम्मान, तेजपाल सिंह नेगी को वीर चंद्र सिंह गढ़वाली विशिष्ट सैन्य सम्मान, प्रधानाचार्य विजय कुमार अग्रवाल व नरेंद्र रौथाण को भारत नामधेय चक्रवर्ती भर सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता प्राइमरी वर्ग में अनिष्का नेगी, अदिति पंत, प्राची बिष्ट, जूनियर वर्ग में सृष्टि रावत, वंशिका, वैश्नवी, सीनियर वर्ग में भूमिका, तानिया, अंजली ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सूपर शैफ प्रतियोगिता में दीपक व सागर ने प्रथम, नितिन त्रिपाठी ने द्वितीय, आंचल व आस्था ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता में ओमवीर पुंडीर, वेदांत थापा, सलोनी चौहान नटखट बातें प्रतियोगिता में शिशप्रभा ग्रुप, प्रशांत ग्रुप व अंशु चौधरी ग्रुप ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।



भरत महोत्सव कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि

# शादियों में जाने वाले वाहनों पर नजर रखेगा हाइब्रिड एप

## परिवहन विभाग बनायेगा हाइब्रिड एप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : सिमड़ी बस हादसे के बाद जिला प्रशासन अब शादियों में जाने वाले वाहनो पर नजर रखने के लिए जल्द ही हाइब्रिड एप तैयार करेगा। जिससे कि हादसों पर अंकुश लगाया जा सके और यातायात सुरक्षित तरीके से हो सके। डीएम ने परिवहन विभाग को इसको लेकर जल्द एप बनाने के निर्देश दिए हैं।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने शादी समारोह में जाने वाले वाहनों के हादसों का शिकार होने पर चिंता जताते हुए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को एक हाइब्रिड एप तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अफसरो को शहरों व नगर क्षेत्रों के आंतरिक मोटर मार्गों पर पॉकेट पार्किंग हेतु स्थानों का चयन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रमुख शहरों, नगरों में पॉकेट पार्किंग के लिए स्थलों का चयन कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि शादी समारोहों में शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी व एआरटीओ द्वारा एक हाइब्रिड एप तैयार किया जाएगा और वाहन चालकों द्वारा इस एप को अपने फोन में डाउनलोड किया जाएगा, जिसकी निगरानी परिवहन विभाग द्वारा की जाएगी। इस एप के माध्यम से शादी में उपयोग किए जाने वाले वाहन को पंजीकरण, वाहन की स्थिति व अवस्था, वाहन चालक द्वारा संचालन के दौरान मदिरा का सेवन न करने जैसी शर्तों को शामिल किया जाएगा।

जिले में बीते दिनों हुई दुर्घटनाओं पर डीएम ने परिवहन विभाग को दुर्घटना के लिहाज से संवेदनशील मोटर मार्गों पर चलने वाले वाहनों का प्रोफाइल वाहन के टाइप, उनकी रवानगी व गंतव्य स्थल का नाम व समय, उन वाहनों की स्थिति के संबंध में माइक्रो लेवल सर्वे रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान मोटर मार्गों पर क्रैश बैरियर से संबंधित आंकड़ों में स्पष्टता न होने पर डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। बैठक में एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा जनवरी से अक्टूबर तक 1306 चालान किए गए, जिसमे से 285 के लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना संभावित स्थलों के सुधारीकरण के तहत 250 स्थलों में से 211 स्थलों का सुधार किया जा चुका है।

## धावक पदम गुसांई ने जीते दो गोल्ड और ब्रांज मेडल

**श्रीनगर** : देवभूमि मास्टर्स एथेलेटिक्स एंड स्पोर्टस डेवलपमेंट एसोसिएशन की ओर से देहरादून परेड मैदान में आयोजित 5वीं राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में पदम सिंह गुसांई ने लगातार पांचवीं बार 400 और 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। यह पदक उन्होंने 45 आयु से अधिक प्रतिस्पर्धा में अपने नाम किए। इसके साथ ही 100 मी. दौड़ में ब्रांज मेडल जीता। कीर्तिनगर ब्लॉक के मठूडगांव के मूल निवासी पदम सिंह सेना के सूबेदार पद से सेवानिवृत्त व बीएसएनएल में कार्यरत हैं। लगातार पांचवी बार स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने नाम रोशन किया। पदम सिंह का कहना है कि उनका अगला लक्ष्य 2023 में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल जीतकर राज्य का नाम रोशन करना है। उनकी इस विजय पर बीएसएनएल और उनके गांव में खुशी का माहौल है।

# क्विज में सुन्दर सिंह, वाद-विवाद में हिमांशु ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय पॉलीटेक्निक सतपुली में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू हो गई है। पहले दिन क्विज प्रतियोगिता में सुन्दर सिंह तृतीय वर्ष ने प्रथम, आकाश बिष्ट तृतीय वर्ष ने द्वितीय, गौरव प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिमांशु प्रथम वर्ष, कपिल चौहान तृतीय वर्ष, सुनील राणा द्वितीय वर्ष, क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे।

मंगलवार के खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाचार्य मुकेश चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने छात्रों को उत्तराखण्ड के इतिहास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्रों को विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में अवश्य भाग लेना चाहिए। खेलों से शारीरिक, मानसिक विकास के साथ ही नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती है। पहले दिन आयोजित क्विज और वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। शिवानी डबराल, ऋषभ चन्द्रा ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनमोहन लखेड़ा ने किया। इस अवसर पर संस्था के मनीष चन्द्र, दयाराम, मोहित, मनमोहन सिंह नेगी आदि मौजूद थे।



वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागी अपने विचार व्यक्त करते हुए।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू, बिड़ला परिसर के नाम रहा उद्घाटन मैच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की अंतर महाविद्यालय महिला एवं पुरूष वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता बिड़ला परिसर के इंडोर स्टेडियम में शुरू हो गई है। प्रतियोगिता का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागी टीमों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगि में गढ़वाल विवि के श्रीनगर, पौड़ी, टिहरी परिसर के अलावा डीबीएस देहरादून, डीएवी देहरादून, आईटीएम देहरदून, एसजीआरआर देहरादून प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता का उद्धाटन मैच महिला वर्ग में बिड़ला परिसर और डीबीएस देहरादून के मध्य खेला गया। जिसमें बिड़ला परिसर ने 2-0 से मैच जीतकर बढ़त बनाई। महिला वर्ग के दूसरे मैच में आईटीएम दून की टीम ने डीएवी पीजी कॉलेज दून की टीम को 2-0 से हराया। जबकि पुरूष वर्ग में एसआरटी कैंपस टिहरी और बीजीआर पौड़ी के बीच खेले गए मैच में पौड़ी परिसर ने 3-0 से मैच अपने नाम किया।

प्रतियोगिता का तीसरा मैच डीबीएस देहरादून और एसजीआरआर देहरादून के बीच हुआ। जिसमें डीबीएस देहरादून ने 3-1 से एसजीआरआर को करारी शिकस्त दी।

## बालीवाल प्रतियोगिता 12 से

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः भाबर क्षेत्र के पदमपुर मोटाढ़ाक स्थित नव युग पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय बालिका बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

12 और 13 नवंबर को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में क्षेत्रीय स्कूलों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। यह जानकारी विद्यालय प्रधानाचार्य नीलम नेगी ने दी।

# गढ़वाल विवि के 10 स्वयं सेवी प्री-आरडी परेड के लिए चयनित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के 10 स्वयं सेवियों का चयन प्री-आरडी परेड-2022 के लिए हुआ है।

गढ़वाल विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम संयोजक प्रो. आरएस नेगी ने बताया कि पूर्व गणतंत्र दिवस परेड-2022 के लिए गढ़वाल विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना के दस स्वयंसेवी आगामी 12 से 21 नवंबर तक गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ में प्रतिभाग करेंगे। प्रो. नेगी ने बताया कि इस परेड में उत्तराखंड से कुल 18 स्वयंसेवी प्रतिभाग कर रहें है। जिसमें 9 छात्र और 9 छात्राएं प्रतिभाग करेंगी। प्रो. नेगी ने बताया कि बिड़ला परिसर के तीन छात्र एवं तीन छात्राएं, टिहरी परिसर से एक, डीबीएस पीजी कॉलेज देहरादून से एक-एक छात्र-छात्रा तथा एक छात्रा हरिद्वार से भाग लेंगी। अन्य आठ स्वयंसेवी कुमाऊं विश्वविद्यालय से भाग लेंगे। टीम के लीडर के रूप में टिहरी परिसर की कार्यक्रम अधिकारी डा. अपर्णा सिंह रहेंगी। प्रशिक्षण के बाद छात्रों का चयन आरडी परेड के लिए किया जायेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम संयोजक प्रो. आरएस नेगी एवं उत्तराखंड के राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी अजय कुमार अग्रवाल प्री-आरडी परेड के लिए चयनित हुई छात्र-छात्राओं को शुभकानाएं दी हैं।

उत्तराखण्ड शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

एक ही लक्ष्य - एक ही सपना

सर्वश्रेष्ठ बने उत्तराखण्ड अपना

# राज्य स्थापना दिवस

9 नवम्बर

## की हार्दिक शुभकामनाएं



"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# संकल्प नये उत्तराखण्ड का

- प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरूप श्री केदारनाथ व श्री बदरीनाथ धाम का पुनर्निर्माण व पुनर्विकास। इस वर्ष रिकार्ड 45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किये।
- कुमाऊं के पौराणिक मन्दिरों के लिये मानसखण्ड मन्दिर माला की कार्ययोजना।
- होम स्टे योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती।
- चारधाम ऑल वेदर रोड से राहें हुई आसान। टनकपुर-पिथौरागढ़ भी शामिल।
- केंद्र सरकार से पौंटा साहिब-देहरादून, बनबसा-कंचनपुर, भानियावाला-ऋषिकेश, काठगोदाम-लालकुंआ-हल्द्वानी बाईपास और रुद्रपुर बाईपास परियोजनाओं की महत्वपूर्ण सौगात।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से कार्य गतिमान, टनकपुर-बागेश्वर और डोईवाला से गंगोत्री-यमुनोत्री रेललाइन के सर्वे पर सहमति।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोप-वे हेतु पर्वतमाला परियोजना, प्रधानमंत्री जी द्वारा गौरीकुण्ड - केदारनाथ और गोविंदघाट - हेमकुण्ड साहिब रोप-वे का शिलान्यास।
- दूरस्थ व सीमांत क्षेत्रों में 1202 मोबाइल टावर की स्वीकृति।
- जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के 7 लाख से अधिक परिवारों को पानी के कनेक्शन।
- दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत गांवों का शत प्रतिशत विद्युतिकरण।
- देहरादून में भव्य सैन्य धाम की स्थापना पर तेजी से काम, राज्य के वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों को देय एकमुश्त अनुदान में वृद्धि।
- रानीबाग (हल्द्वानी) स्थित एचएमटी की 45.33 एकड़ जमीन केन्द्र से उत्तराखण्ड को हस्तांतरित।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 9 लाख 38 हजार किसानों के खातों में लगभग 1767 करोड़ की राशि हस्तान्तरित की जा चुकी है।
- किसानों को तीन लाख रुपए और महिला स्वयं सहायता समूहों को बिना ब्याज के पांच लाख रुपए तक का ऋण।
- कोविड काल से दो साल में 600 से अधिक नये उद्योगों की स्थापना, 35 हजार करोड़ से अधिक का निवेश, 90 हजार से अधिक लोगों को मिला रोजगार।
- वोकल फॉर लोकल के लिये एक जनपद दो उत्पाद योजना लागू।
- समान नागरिक संहिता पर बढ़े कदम, समिति द्वारा ड्राफ्ट पर मंथन।
- भ्रष्टाचार पर रोक लगाने हेतु भ्रष्टाचार मुक्त एप-1064, सभी शिकायतों पर गम्भीरता से एक्शन।
- उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन, वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन की राशि में वृद्धि। आंगनबाड़ी और आशा बहनों के मानदेय में बढ़ोतरी।
- स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा में राज्य में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की शुरुआत।
- मुख्यमंत्री बालाश्रय योजनाः आपदा, महामारी एवं दुर्घटना के कारण अनाथ बच्चों की स्कूली शिक्षा की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा।
- आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना में सभी परिवारों को 5 लाख रुपये वार्षिक तक के निःशुल्क ईलाज की सुविधा।
- ऊधमसिंहनगर में एम्स का सैटेलाईट सेंटर की केंद्र से सहमति।
- राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से 7 हजार पदों पर पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ। जल्द 19 हजार पदों पर भी शुरु की जाएगी भर्ती।
- "मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना" में 08 से 14 वर्ष के उभरते खिलाड़ियों को 1500 रुपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति।

"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिए विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड




सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# कार्तिक स्वामी मंदिर में मनाई देव दीपावली, 101 दीप जलाए

रूद्रप्रयाग : क्रौंच पर्वत पर स्थित कार्तिक स्वामी मंदिर में देव दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। रविवार रात भगवान कार्तिक की चार पहर की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली एवं विश्व कल्याण की प्रार्थना की गई। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से 16 निःसन्तान दंपतियों ने रातभर हाथों में जलता दीपक रखकर पुत्र प्राप्ति की कामना की। जबकि मंदिर के चारों ओर 101 दीप जलाए गए।

बैकुंठ चतुर्दशी के मौके पर कार्तिक स्वामी मंदिर में देव दीपावली मनाई गई। इस दौरान मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। बीते रविवार को देव दीपावली का शुभारंभ शाम सात बजे से ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया। मंदिर में 101 दीप जलाकर चारों ओर से रोशन किया गया। रुद्रप्रयाग व चमोली जिले की घिमतोली, स्वांरी, पोगठा, बाडव, जयकंडी, जहंगी, ऐंटा आदि गांवों की कीर्तन मंडलियों ने मंदिर में पहुंचकर अपनी भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी। ठीक नौ बजे प्रथम पहर की आरती



से विष्णु भगवान की महिमा सहित तैतीस कोटि देवी–देवताओं का आह्वान किया गया। कीर्तन मंडली सहित विभिन्न गाँवों की महिलाओं की धार्मिक भजनों की प्रस्तुत भी सराहनीय रही। दूसरे पहर की आरती में भगवान शंकर, तृतीय पहर की आरती में भगवती भवानी तथा चौथे पहर की आरती में भगवान कार्तिक स्वामी की महिमा का गुणगान किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सुजान सिंह नेगी निवासी थाली कनसारी चमोली ने मंदिर में पहुंचे सभी भक्तों के लिए भण्डारे की व्यवस्था की। इस दौरान मंदिर में 16 निःसन्तान दम्पतियों ने रातभर हाथों में दीपक जलाकर पुत्र प्राप्ति की कामना की। सोमवार को पुजारी ने कार्तिक मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर जलाभिषेक व आरती की। इस दौरान हवनकुंड में जौ-तिल व घी की आहुतियां भी डाली गई। अंत में सभी भक्तों ने पूर्णाहुति के साथ देव दीपावली का समापन किया गया। कार्तिकेय मंदिर समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न नेगी ने सभी भक्तों के साथ मंदिर समिति के सभी कार्यकर्ताओं आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस धार्मिक कार्यक्रम को पर्यटन से जोड़ने की मांग सरकार से की है। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने क्रौंच पर्वत तीर्थ पहुंच कर पुण्य अर्जित किया। इस मौके पर मन्दिर समिति के अध्यक्ष शत्रुघन नेगी, पुजारी नन्दू पुरी, प्रबन्धक पूर्ण सिंह नेगी, बलराम सिंह नेगी, सुरेन्द्र सिंह, सुरजी देवी, रमेश सिंह, सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे। (एजेन्सी)

## घर रखा सामान चोरी करने और रुपये मांगने पर केस दर्ज कराया

देहरादून। महिला ने दूसरी महिला और उसके परिवार के लोगों पर केस दर्ज कराया है। आरोप है कि उन्होंने पीड़िता के पति की संपत्ति से सामान चोरी किया और उनसे दबाव बनाकर रुपये मांगे। प्रेमनगर थानाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने बताया कि स्वाति सोलंकी निवासी साईं लोक की तहरीर पर मोहिनी राणा, पूरण सिंह राणा, अल्का राणा, विजय राणा, प्रदीप राणा और तीन–चार अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि इन्होंने इनके पति मनीष सोलंकी की श्यामपुर स्थित प्रॉपर्टी से सामान चोरी किया। आरोप है कि उनके पति को झांसे में लेकर 17.61 लाख रुपये भी लिए गए। वापस मांगने पर धमकी देने और पति पर दबाव बनाकर और रकम मांगने का आरोप है।

## हाईकोर्ट शिफ्टिंग के विरोध में निकाला जुलूस



नैनीताल। हाईकोर्ट को मैदानी क्षेत्रों में शिफ्ट करने का विरोध कर रहे अधिवक्ता व संगठनों ने मंगलवार को पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले जुलसू निकाला। रामसेवक सभा से शुरू हुआ जुलूस मॉल रोड से होते हुए तल्लीताल डांट पर समाप्त हुआ। जुलूस में लोगों ने हाईकोर्ट के मैदानी क्षेत्रों में शिफ्टिंग का निर्णय वापस लेने की मांग उठाई। वहीं इसके विरोध में आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। मंगलवार को जुलूस से पहले सभा में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सैयद नदीम मून ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार नैनीताल से हाईकोर्ट को विस्थापित कर उत्तराखंड के राज्य आंदोलनकारियों और शहीदों के बलिदान से खिलवाड़ कर रही है। नैनीताल के पूर्व सांसद व हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र पाल ने कहा कि सरकार प्रदेश में स्थाई राजधानी के मामले पर कोई फैसला नहीं कर पा रही है ऐसे में हाई कोर्ट को नैनीताल से विस्थापित करना सरकार की मंशा पर सवाल खड़े कर रहा है। सभा के बाद रामसेवक सभा में एकत्र हुए सभी लोग मल्लीताल बाजार, मॉल रोड होते हुए तल्लीताल गांधी चौक पर पहुंचे। गांधी चौक पर व्यापार मंडल अध्यक्ष मारुति नंदन साह ने कहा कि नैनीताल से हाईकोर्ट को किसी भी स्थिति में विस्थापित नहीं किया जाना चाहिए। उत्तराखंड निर्माण के बाद हाईकोर्ट स्थाई रूप से बनाया गया था, जिसे नैनीताल से किसी दूसरे जगह भी स्थापित करना गलत होगा। पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति के संस्थापक नितिन कार्की ने कहा कि उत्तराखंड का निर्माण पर्वतीय राज्य के विकास के लिए हुआ था, लेकिन आज मैदानी क्षेत्र का विकास किया जा रहा है।

## धूमधाम से मनाया गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व



रुड़की। गुरु नानकदेव जी का प्रकाश पर्व रुड़की में धूमधाम से मनाया गया।

गुरुद्वारा श्री सत्संग सभा जादूगर रोड पर प्रकाश पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें रागी भाई ओमवीर सिंह देहरादून और हजूरी रागी भाई जसविंदर सिंह ने अपने कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा साहिब के हाल निर्माण में एसी की सेवा में सहयोग करने वालों में नगर विधायक प्रदीप बत्रा, सौभाग्य ग्रोवर, योगेंद्र सहदेव, रविंदर सिंह आनंद, सतपाल बाटला, जितेंद्र सिंह बधान, रमन गोगिया, हेमंत अरोड़ा,हनीश अरोड़ा, विकास भारद्वाज को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सरोपा देकर सम्मानित किया।

विधायक प्रदीप बत्रा ने अरदास कर देश के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर बांटा गया।

## ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल

चमोली : एनएच-109 पर बकरिया बैड़ के पास सोमवार देर रात करीब 10 बजे एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से लुढ़ककर नीचे वाली सड़क में गिर गया। जिससे चालक फहीम घायल हो गया। ट्रक कर्णप्रयाग से रामनगर जा रहा था। चालक ने बताया कि ट्रक का पट्टा टूटने से दुर्घटना हुई है। हालांकि बाद में क्रेन की मदद से ट्रक को सड़क पर खड़ा कर दिया गया। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता बसंत साह का कहना है इस स्थान पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी है जिनमें चार अभी तक चार लोग जान गंवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर सड़क और बैंड का चौड़ीकरण होना आवश्यक है। (एजेन्सी)

# सरकार पहाड़ी संस्कृति को बचाने के लिए लोक कला को प्रोत्साहित करें : प्रदीप टम्टा

नई टिहरी : पूर्व राज्य सभा सांसद प्रदीप टम्टा ने भिलंगना ब्लॉक के सिलयारा गांव में आयोजित पांडव नृत्य कार्यक्रम में शिरकत कर पांडव नृत्य देखा। इस अवसर पर पांडव नृत्य समिति ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। मंगलवार को पांडव नृत्य देखने घनसाली के सिल्यारा गांव पहुंचे पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा ने नागराजा देवता आशीर्वाद दिया।

इस मौके पर सांसद ने कहा कि उत्तराखंड की पौराणिक परम्पराएं व संस्कृति बहुत समृद्ध है, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की आवश्यकता है। यहां के नृत्य, जागर, वाद्य यंत्र ढोल-दमाऊ और थौल मेले की परंपरा हमारे पूर्वजों ने सदियों पहले शुरू की, जब मनोरंजन का कोई साधन नहीं था। लेकिन आज भौतिकवाद व टीवी, मोबाइल के समय में लोग अपनी इन समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को छोड़कर पाश्चात्य संस्कृति की ओर उन्मुख हो रहे है। उन्होंने सरकार से पहाड़ी संस्कृति को बचाने के लिए इन्हें प्रोत्साहित करने की मांग की। इसके साथ ही सांसद ने उत्तरकाशी-घनसाली-तिलवाड़ा मोटरमार्ग की खस्ताहाल स्थिति में



सुधार कर, उसे ऑल वेदर रोड की तर्ज पर निर्मित करने की भी मांग की। उन्होंने सिल्यारा के ग्रामीणों को इस पौराणिक परम्परा को जीवित रखने के लिए शुभकामनाएं देते हुए अन्य लोगों से भी इस परंपरा को आगे बढ़ाने की अपील की। इस मौके पर पूर्व प्रमुख विजय गुनसोला, कांग्रेस नेता शांति प्रसाद भट्ट, मुरारी लाल खंडवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद जोशी, प्रशांत जोशी, नित्यानंद कोठियाल, लक्ष्मण सिंह कैंतुरा, सब्बल सिंह बिष्ट, उम्मीद सिंह चौहान आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

### एक नजर

## शहीद दुर्गा मल्ल पर डाक टिकट जारी कराने पर आभार जताया

देहरादून। न्यू कैंट रोड स्थित कैंप कार्यालय में गोर्खाली सुधार सभा का प्रतिनिधिमंडल सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से मिला। शहीद दुर्गा मल्ल पर डाक टिकट जारी कराने पर आभार जताया। 25 अगस्त 2022 को गढ़ी कैंट में शहीद दुर्गा मल्ल के 78वें श्रद्धांजलि दिवस कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य नेपाली भाषा समिति की ओर से शहीद दुर्गा मल्ल पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें मंत्री गणेश जोशी ने शहीद दुर्गा मल्ल के नाम पर डाक टिकट जारी करने का अनुरोध भारत सरकार से करने की आश्वासन दिया था। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने इस संबंध में केंद्रीय संचार एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वार्ता की। शहीद दुर्गामल्ल के नाम पर डाक टिकट जारी करने का अनुरोध किया। भारत सरकार शहीद दुर्गा मल्ल के नाम पर डाक टिकट जारी करने जा रहा है। इसपर गोर्खाली सुधार सभा के पदाधिकारियों ने मंत्री गणेश जोशी और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। शहीद दुर्गा मल्ल के नाम डाक टिकट जारी होने से उनके परिजनों में भी खुशी है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भारत सरकार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद मेजर दुर्गा मल्ल की स्मृति में एक डाक टिकट जारी करने का निर्णय लिया है। मंत्री जोशी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा सैनिकों के सम्मान और कल्याण के लिए डबल इंजन सरकार निरंतर प्रयासरत है।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

नैनीताल। हरतौला में भूमि में तारबाड़ करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष के पीड़ित तारादत्त तिवारी ने दबंगों पर बेटी व पत्नी के साथ गाली–गलौज व मारपीट का आरोप लगाने के साथ पुलिस पर समझौते का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। तारादत्त तिवारी ने बताया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा उनकी भूमि पर तारबाड़ की जा रही थी। उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। बीच–बचाव करने आई उनकी पत्नी व बेटी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

## सूर्पणखा लीला को देखने को उमड़ी दर्शकों की भीड़

रूद्रप्रयाग : श्री गणेश रामलीला कमेटी के सहयोग से अपर बाजार रुद्रप्रयाग में चल रही रामलीला के दौरान सोमवार रात को सूर्पणखा और सीता हरण लीला का मंचन किया गया। इस मौके पर रामलीला पांडाल दर्शकों से खचाखट भरा रहा। पंचवटी में सूर्पणखा के नृत्य के सुंदर अभिनय की दर्शकों ने खूब प्रशंसा की।

मुख्यालय स्थित अपर बाजार में सोमवार रात्रि सूर्पणखा और सीता हरण लीला का मंचन किया गया। इस दौरान कर्णप्रयाग से आए सूर्पणखा के पात्र हरिराम द्वारा सुंदर अभियन किया गया, जिसकी दर्शकों ने बार–बार तालियां बजाकर खूब प्रशंसा की। कई गीतों पर थिरकते हुए सूर्पणखा राम-लक्ष्मण के पास विवाह का प्रस्ताव ले गई, जिस पर



आक्रोशित लक्ष्मण ने सूर्पणखा के नाक-कान काट डाले। इसके बाद सूर्पणखा के सुभाहु-मारीच और रावण के पास जाने का दृश्य दिखाया गया। सुभाहु-मारीच का राम लक्ष्मण द्वारा वध करने के बाद रावण स्वयं वेष बदलकर सीता का हरण करता है। इससे पहले बीते दिन भरत मिलाप का मंचन किया गया, जिसमें भरत के पात्र द्वारा बेहतर अभिनय किया गया।

इस दौरान बीते कई सालों से अपर बाजार की रामलीला में सहयोग देने वाले वरिष्ठ व्यापारी विमल कुमार शुक्ला का श्री गणेश रामलीला कमेटी द्वारा स्वागत किया गया।

## ऑटो–रिक्शा संचालकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

देहरादून। दून ऑटो–रिक्शा यूनियन ने डीजल और पेट्रोल वाले ऑटो–रिक्शा को सड़कों से बाहर करने के फैसले का विरोध तेज कर दिया है।

मंगलवार को हुई यूनियन की बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि सरकार उनकी मांग नहीं मानती है तो ऑटो–रिक्शा संचालक बेमियादी हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। चंदरनगर कार्यालय में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आरटीए ने दस साल से अधिक पुराने ऑटो–रिक्शा को मार्च 2023 और शेष वाहनों को दिसंबर 2023 तक सड़क से बाहर करने का फैसला लिया है। जो कि न्यायोचित नहीं हैं।

## कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या गुरुद्वारा गुरुनानक सिंह सभा पहुंची, लिया आशीर्वाद



रुद्रपुर। आज उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रुद्रपुर स्थित गुरुद्वारा गुरुनानक सिंह सभा पहुंच आशीर्वाद लिया,साथ ही प्रसाद ग्रहण कर सेवा कार्य किया। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सिखों के प्रथम गुरू गुरूनानक देव जी ने छूआछूत, अंधविश्वास और पाखण्ड को दूर कर प्रेम, एकता, समानता तथा आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने अंधविश्वास एवं सामाजिक बुराईयों के प्रति विरोध करते हुए समाज सुधार का काम किया। प्रकाश पर्व के रूप में मनाए जाने वाला यह अवसर हमें अंधियारे से उजियारे की ओर आगे बढ़ाने का संदेश देता है। उन्होंने इस दौरान सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि हमें इस पावन अवसर पर गुरूनानक देवजी के संदेशों को आत्मसात कर जनकल्याण तथा देश–प्रदेश की उन्नति में भागीदारी निभाने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान गुरुद्वारा सभा द्वारा रक्तदान का शिविर भी लगाया गया जिसका लाभ संस्था जरूरतमंद लोगों को निशुल्क उपलब्ध कराती है।

## फैशन के छात्रों ने जानी रेशम प्रशिक्षण की बारीकियां

देहरादून। रेशम की गुणवत्ता को पहचानने और रेशम बुनाई की बारीकियों को समझने के उद्देश्य से देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी के फैशन डिज़ाइन विभाग के छात्रों ने सिल्क पार्क का दौरा किया। फैशन की दुनिया में रेशम की एक ख़ास चमक है और इस चमक के पीछे मेहनत और कुशलता का अद्भुत संगम है। जिसे जानना और समझना फैशन डिज़ाइन के हर एक छात्र के लिए आवश्यक है। इसी क्रम में मांडूवाला स्थित देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी के फैशन डिज़ाइन विभाग के छात्रों ने प्रेमनगर स्थित सिल्क पार्क का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रेशम निर्माण इकाई और कताई–बुनाई इकाई की बारीकियों को समझा, जिनमें सिल्क रीलिंग, डबलिंग और ट्विस्टिंग मशीनों की कार्यप्रणालियों के बारे में जाना। इसके अलावा रेशम की देखभाल, अच्छे रेशम की पहचान, रेशम उत्पादों के सही प्रयोग हेतु सुझावों के बारे में जानकारी हासिल की। वहीं, छात्रों ने रेशम कीट पालन और रेशम उत्पादों से जुड़ी अपनी शंकाओं का निवारण भी किया।सिल्क पार्क, रेशम तकनीकी सेवा केंद्र के वैज्ञानिक सुरेन्द्र भट्ट ने कहा कि फैशन की दुनिया में रेशम का अपना एक अलग ही स्थान है। रेशम जितना खूबसूरत और बेजोड़ होता है उतना ही इसको तैयार करने में परिश्रम और कुशलता की आवश्यकता होती है और रेशम तकनीकी सेवा केंद्र प्रशिक्षणार्थियों को रेशम के निर्माण और कताई–बुनाई की दिशा में प्रशिक्षण प्रदान करता है।

## डेढ़ किलो चरस और 53 हजार के साथ एक गिरफ्तार

चमोली : चमोली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में चरस और नगदी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने पीपलकोटी रोड नवोदय विद्यालय बैंड पुराने टीन शैड के पास कुंवर सिंह पुत्र गजेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम ल्यारी थैणा पोस्ट उर्गम, तहसील जोशीमठ, जनपद चमोली को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 600 ग्राम अवैध चरस और 53 हजार की नगदी बरामद की गई।

## खेल मंत्री रेखा आर्या ने किया रूद्रपुर में बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन का शिलान्यास



रुद्रपुर। आज खेल मंत्री रेखा आर्या ने रुद्रपुर में बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन का विधिवत भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। इस क्रीड़ा भवन की कुल लागत करीब 30 करोड़ की है, मंत्री रेखा आर्या ने इस अवसर पर अपने खेल कि प्रतिभा के जरिये उत्कृष्ट कार्य करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

उन्होंने कहा कि निश्चित ही इस क्रीड़ा भवन के बनने से हमारे उधमसिंह नगर के खिलाड़ियों को भविष्य में अपने खेल को निखारने में मदद मिलेगी।

कहा कि हमारी कोशिश है कि ज़ब हम 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन करा रहे हों तब तक इस भवन का निर्माण कार्य पूरा हो जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार और उनका विभाग लगातार प्रयासरत है। खिलाड़ियों को लेकर सरकार कई सारी योजनाए चला रही है जिसमें 8 से 14 वर्ष तक के खिलाड़ियों के लिए छात्रवर्ती योजना, मुख्यमंत्री खिलाडी उदीयमान उन्नीयन योजना सहित कई है। खेल मंत्री ने कहा कि जब यह हॉल बनकर तैयार होगा तो इससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा और निश्चित ही भविष्य में वह आगे बढ़ेंगे।

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर रेसकोर्स स्थित गुरुद्वारा गोविंद नगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर रेसकोर्स स्थित गुरुद्वारा गोविंद नगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मत्था टेका और प्रदेश वासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि उनकी शिक्षाओं में ह्यइक ओंकार सत नामह्न का मूल मंत्र गहन प्रेरणा देने वाला है। भलाई के मार्ग पर चलने के सिद्धांत, करुणा, न्याय और समानता की भावना को प्रदर्शित करने वाली उनकी शिक्षाएं सारी मानव जाति का मार्गदर्शन करने वाली हैं।राज्यपाल ने कहा कि यह प्रकाश पर्व हमें गुरु नानक देव जी के बताए हुए मार्ग पर चलने तथा उनकी शिक्षाओं को जीवन में आचरण करने का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी के ह्यनाम जपो, कीरत करो, वंड छकोह्न के संदेश में उनकी सभी शिक्षाओं का सार है। उनकी पवित्र शिक्षाएं हम सब के लिए प्रेरणा देने वाली हैं। उनके संदेश ह्यसब कुछ तेराह्न और ह्यएकमह्न पूरे संसार के लिए आज भी प्रासंगिक है। राज्यपाल ने कहा कि गुरु नानक देव जी के चरित्र की चार विशेषताओं जिनमें साधारणता, करुणा, मासूमियत और नम्रता को इस प्रकाश पर्व के अवसर पर हर एक व्यक्ति को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए।देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर रेसकोर्स स्थित गुरुद्वारा गोविंद नगर में आयोजित कार्यक्रम में



प्रतिभाग कर मत्था टेका और प्रदेश वासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि उनकी शिक्षाओं में ह्यइक ओंकार सत नामह्न का मूल मंत्र गहन प्रेरणा देने वाला है। भलाई के मार्ग पर चलने के सिद्धांत, करुणा, न्याय और समानता की भावना को प्रदर्शित करने वाली उनकी शिक्षाएं सारी मानव जाति का मार्गदर्शन करने वाली हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह प्रकाश पर्व हमें गुरु नानक देव जी के बताए हुए मार्ग पर चलने तथा उनकी शिक्षाओं को जीवन में आचरण करने का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी के ह्यनाम जपो, कीरत करो, वंड छकोह्न के संदेश में उनकी सभी शिक्षाओं का सार है। उनकी पवित्र शिक्षाएं हम सब के लिए प्रेरणा देने वाली हैं। उनके संदेश ह्यसब कुछ तेराह्न और ह्यएकमह्न पूरे संसार के लिए आज भी प्रासंगिक है।राज्यपाल ने कहा कि गुरु नानक देव जी के चरित्र की चार विशेषताओं जिनमें साधारणता, करुणा, मासूमियत और नम्रता को इस प्रकाश पर्व के अवसर पर हर एक व्यक्ति को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए।

# धूमधाम से मनाई गुरु नानक देव की जयंती



ऋषिकेश। गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा ने गुरु नानक देव की जयंती धूमधाम से मनाई। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे पहुंचकर श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका। रागी जत्थों ने गुरुवाणी और शबद कीर्तन पेश किया। मंगलवार को रेलवे रोड स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारे में गुरु नानक देव की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पहुंचे। उन्होंने सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे माथा टेका। उन्होंने कहा कि 553 साल पहले भारत में गुरु नानक देव एक महान संत हुए। गुरु नानक देव ने देश–विदेश में आध्यात्मिकता, परमेश्वर के साथ एकता, और भक्ति के महत्व का प्रचार–प्रसार किया। गुरु नानक देव ने सांसारिक मामलों में उलझने की बजाय लोगों को अपने अंदर की ओर जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों को हमेशा परमेश्वर के नाम को न भूलने का आवाहन किया। गुरु नानक देव का जीवन प्रेम, ज्ञान और वीरता से भरा हुआ था। इस दौरान रागी जत्थों ने गुरुवाणी और शबद कीर्तन का पाठ किया। मौके पर गुरुसिंह सभा के अध्यक्ष सरदार गोविंद सिंह, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह, बूटा सिंह, परमजीत डंग, इंद्रपाल सिंह, भारत भूषण रावल, गुरु वचन सिंह, इंद्र कुमार गोदवानी, दिनेश सती, मोहन सिंह जस्सल, हिम्मत सिंह, गुरमेल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मैखुरी को जिलाध्यक्ष बनाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

चमोली : आदिबदरी और गैरसैंण के कार्यकर्ताओं ने रमेश मैखुरी को भाजपा का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी व्यक्त कर पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया है। आदिबदरी मंडल अध्यक्ष गैणा सिंह रावत, नवीन बहुगुणा, विजया बरमोला, जेपी बहुगुणा, विरेन्द्र प्रभू, मनोज कुंवर, सोहन खंडूरी, बलवंत भंडारी के साथ ही गैरसैंण नगर के प्रमुख शशि सोरियाल, पूर्व नपं अध्यक्ष गंगा पंवार, एलपी सती, अवतार नेगी, कुंवर सिंह, बलवीर रावत, बलवीर कठैत, हीरा फनियाल, राजेन्द्र शाह आदि ने भी खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। (एजेन्सी)

# मंदाकिनी शरदोत्सव में पिंक प्लाजो गीत पर झूमे दर्शक



रूद्रप्रयाग : मंदाकिनी शरदोत्सव की पहली शाम घाटी के लोकगायकों के नाम रही। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत लोक गायिका गीता कुमोला के लोक जागर से हुई। सुप्रसिद्ध लोक गायक सुमान सिंह रैथाण द्वारा ल्वीछाड़ा लगीन त्वीन मांसू काटी...गीत से कार्तिक स्वामी की गाथा सुनाई। जबकि पोखरी की सुप्रसिद्ध जागर गायिका पम्मी नवल, पवित्रा टम्टा ने अपने सुप्रसिद्ध जागर हुरेण्या का दिन धुरेण्या वेगी...से दर्शकों से झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत पिंक प्लाजो फेम सूर्यग्रहण श्रीवाण ने मां मठियाणा देवी के आह्वान गीत से करते हुए अपने लोकप्रिय गीत पिंक प्लाजो से शमां बांध दिया। जिसके बाद रुद्रप्रयाग से आए गीतकार अजय नौटियाल ने पाकी गेन गांव की सारी...गीत की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं युवा दिलों की धड़कन और रॉक स्टार विजय चमोला ने दैणा होया मुनि महाराज गीत गाकर युवाओं में जोश भर दिया। उनके गीत को सुनकर युवा बड़ी देर तक थिरकते रहे। कई लोकप्रिय गीत दे चुके रुद्रप्रयाग से आए सुप्रसिद्ध लोकगायक विक्रम कप्रवान ने कांधी मां बन्दूकी छन, जिन्दगी च हाथ मां और कैलाशों में रेंदा शम्भू भोलेनाथ से समां बांध दिया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान नाकोट बलवीर लाल ने किशोर कुमार की सुप्रसिद्ध गजल खिलते है दिल यहां मिलके बिछुड़ने को और मोहित कुमार ने गजल की शानदार प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि पूर्व संयुक्त शिक्षा निदेशक रमेश प्रसाद चमोला, मेला संयोजक विक्रम नेगी, महासचिव हर्षवर्धन बेंजवाल उपस्थित रहे।

# ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा की मांग को लेकर हरिद्वार कूच कर रहे सिख जत्थे को रोका



विकासनगर। हरिद्वार में हर की पैड़ी पर ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा बनाने की मांग को लेकर हरिद्वार कूच करने पहुंचे बब्बर खालसा के जत्थे को पुलिस ने कुल्हाल बैरियर पर रोक लिया। पुलिस से नोकझोंक के बीच जत्थे के लोग हरिद्वार कूच करने पर अड़ गये। पुलिस ने संयम बरतते हुए सिख जत्थे को समझा बुझाकर वापस लौटा दिया। मंगलवार को गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर बब्बर खालसा गुट का ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा बनाने की मांग को लेकर हरिद्वार कूच कार्यक्रम था। इसी क्रम में सिख जत्थे पांवटा पहुंचे। पांवटा गुरुद्वारा में भोजन करने के बाद सिख जत्थे ने हरिद्वार के लिए पांवटा से कूच किया। कुल्हाल बैरियर पर पहले से ही मौजूद पुलिस फोर्स ने दोपहर एक बजे जत्थे को रोक लिया। एसपी देहात कमलेश उपाध्याय, एसडीएम विकासनगर विनोद कुमार व सीओ विकासनगर संदीप नेगी ने सिख जत्थे से वार्ता की। जत्थे में शामिल लोग हरिद्वार जाने की जिद पर अड़े रहे। बब्बर खालसा गुट के अध्यक्ष सरदार गुरुचरण सिंह बब्बर ने कहा कि हरिद्वार में हर की पैड़ी पर गुरुद्वारा को लेकर उनकी वर्षों पुरानी आस्था है। जहां पर वे ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा स्थापित करना चाहते हैं। इस संबंध में कई बार उत्तराखंड सरकार से वार्ता हो चुकी है। लेकिन उत्तराखंड सरकार ने अब तक उनकी मांग को नहीं माना है। कहा कि इस बार भी मुख्यमंत्री, राज्यपाल, मुख्य सचिव व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी उन्होंने ज्ञापन प्रेषित कर ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा बनाने की मांग की है। कहा कि हर की पैड़ी पर उनकी सिखों के गुरुद्वारा को लेकर आस्था जुड़ी है, जिसे वे लेकर ही रहेंगे। इस दौरान सिख जत्थे ने ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। सरदार गुरुचरण सिंह ने उन्हें उत्तराखंड की सीमा पर नहीं घुसने देने पर सरकार के खिलाफ रोष जताया। बाद में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने सिख जत्थे के लोगों को समझा बुझाकर वापस लौटा दिया। कूच करने वालों में अवतार सिंह, दिलबाग सिंह, सतवेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, सुखदेव सिंह, महेश सिंह, बलविंदर कौर, सोना कौर, सुरेंद्र कौर, अरविंदर कौर, सुरफस्ता कौर, जसलीन कौर, हरलीन कौर, बाबूसिंह, मानसिंह, गुरुमीत सिंह, जसपाल सिंह आदि शामिल रहे।

## मादक पदार्थों की तस्करी और व्यापार पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी : एसपी

चमोली : पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने कहा कि चमोली जिले में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए हाईवे सहित राज्य सड़कों के चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या और अधिक बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही इनके मॉनीटरिंग सेंटर की व्यवस्था भी की जाएगी। सभी सीसीटीवी कैमरे दुरस्त स्थिति में रहें, इस पर विशेष ध्यान रहेगा। पुलिस अधीक्षक डोबाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चमोली के 275 गांव अब नई व्यवस्था के तहत पुलिस थानों से जुड़ेंगे। इसके लिए पूरी कार्ययोजना और व्यवस्था पर कार्य किया जा रहा। जिले के नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और इसके व्यापार पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और मादक पदार्थों के हर स्तर के तस्करों को गिरफ्तार करने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता से पुलिस का व्यवहार मृदु रहे, जनता से संवाद बना रहे, जनप्रतिनिधियों की बात सुनी जाए यह कार्य उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# हनुमान ने सोने की लंका जलाई



रूद्रप्रयाग : संयुक्त रामलीला कमेटी के सहयोग से ऊखीमठ में आयोजित रामलीला के आठवें दिन हनुमान-विभीषण संवाद का मंचन हुआ। जिसके बाद हनुमान सीता की खोज में रावण की अशोक वाटिका में प्रवेश करते हैं। जब अशोक वाटिका में माता सीता से मिलते हैं तो उन्हें भगवान राम की अंगूठी देकर उनका हालचाल पूछते हैं। उसके बाद भूख लगने पर वह वाटिका को तहस-नहस कर देते हैं। सैनिक उन्हें पकड़कर लंकापति के पास ले जाते हैं, जहां वह हनुमान जी की पूंछ में आग लगाने का हुक्म देता है। इसके बाद हनुमान जी पूरी सोने की लंका को जलाकर राख कर देते हैं। रामलीला का आयोजन प्रसिद्ध निर्देशक भगवती प्रसाद मैठाणी के द्वारा किया जा रहा। वहीं रामलीला के भव्य आयोजन को देखने दूर दराज से हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंच रहे हैं। इस मौके पर नगर व रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विजय राणा, उपाध्यक्ष लक्ष्मण शुक्ला, सचिव राजेन्द्र नेगी, शिव सिंह पंवार, अर्जुन रावत, भूपेंद्र राणा, बबलू जंगली, संगीता नेगी, मुकेश शुक्ला, संदीप पुष्पवान, रेखा रावत, नवीन शैव, प्रकाश रावत, प्रदीप धर्मवान, दलबीर रावत, प्रदीप सिंह, देवी प्रसाद तिवारी, जगदीश लाल, दिलवर सिंह, नवीन बगवाड़ी, दीपक पुष्पवान आदि थे। (एजेन्सी)

# सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण व मानव जीवन के लिए खतरनाक



हरिद्वार। सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उत्तरी हरिद्वार में चलाए गए जागरूकता अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद अनिरुद्ध भाटी ने किया। पार्षद ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण व मानव जीवन के लिए खतरनाक है। वर्तमान परिस्थितियों में मानवीय जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक के चलते गंभीर रोगों का खतरा बढ़ता जा रहा है। भाटी ने कहा कि हम सबको कपड़े व जूट के बैग का इस्तेमाल अपने रोजमर्रा के कार्य में करना चाहिए। सफाई निरीक्षक विकास छाछर और मनोज कुमार ने कहा कि प्लास्टिक का अधिक प्रयोग पर्यावरण के लिए खतरा है। प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम करना होगा। इस अवसर पर सर्वेश त्रिपाठी, हिमांशु राणा, चन्द्रशेखर, अजय राजपूत, शिवम, संजीव पाल, मुकेश कुमार, निशु श्रीवास्तव, अनुज उपाध्याय, निशा, राधिका यादव, मंजू सैनी, कमलेश शर्मा, शंकुतला आदि उपस्थित रहे।

## भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत किया

चमोली : मंगलवार अपराह्न को यहां पहुंची कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया।

स्वागत करने वालों में नगर अध्यक्ष महेश खंडूड़ी, ईश्वरी मैखुरी, राजेश नेगी, गौतम मिंगवाल, खिलदेव रावत, नरेंद्र तोपाल, रामदयाल, संदीप कुमार, भगवान कंडवाल, राजेश्वरी नेगी आदि शामिल थे। (एजेन्सी)

# जनता दरबार में किया 34 शिकायतों का निराकरण

नई टिहरी : डीएम डा. सौरभ गहरवार की मौजूदगी में आयोजित जनता दरबार में 34 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

शिकायत से सम्बंधित अधिकारियों को डीएम ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों को लेकर फरियादियों को किसी तरह की परेशानी न आने दें। कलक्ट्रेट में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में ग्राम प्रधान गेंवली (पाव) ने ग्राम पंचायत गेंवली व राजस्व ग्राम जगेठी में विद्युत लाइनों के मरम्मत व पोल स्वीकृति की मांग की। सदस्य जिला योजना समिति रघुवीर सिंह ने ग्राम पंचायत घनसाली के अन्तर्गत निकट हनुमान मंदिर पर लगाये गये पुराने हैण्डपंप खुलवाने की मांग की।

ग्राम प्रधान मंज्याड़ी नैलाचामी ने विकासखण्ड भिंलगना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मंज्याड़ी के क्षतिग्रस्त सिंचाई नहर का निर्माण करवाने का अनुरोध किया गया। डीएम ने इन प्रकरणों पर क्रमशः अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान एवं अधिशासी अभियन्ता सिंचाई एक सप्ताह के अन्दर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सदस्य जिला योजना समिति रघुवीर सिंह ने नगर क्षेत्र चम्बा-मसूरी मार्ग पर अतिक्रमण कर बन्द 6 स्कपरों को खुलवाने की मांग की। जिस पर अधिशासी अभियन्ता लोनिवि चम्बा को निर्देशित किया गया। (एजेन्सी)

# महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



हरिद्वार। महिला को प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को बहादराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल जांच के बाद आरोपी युवक को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। न्यायालय के आदेश पर बहादराबाद पुलिस ने महिला की शिकायत पर तीन जून को मुकदमा दर्ज किया था। युवक मूल रूप से सुल्तानपुर का रहने वाला है। महिला ने आरोप लगाया था कि मेटाडोर चालक अनुज धीमान पुत्र रमेश निवासी सुल्तानपुर आदमपुर ने मेटाडोर से आते–जाते उसे अपने प्रेमजाल में फंसा कर शादी का झांसा दिया। वह उसे बहादराबाद के एक होटल में ले गया।

जहां आरोपी ने चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि धमकी देते हुए अश्लील फोटो मोबाइल फोन से खींच लिए, विरोध किया तो फोटो वायरल करने की धमकी दी गई। आरोप है कि आरोपी उसे ब्लैकमेल कर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। उसका दो बार गर्भपात भी कराया गया। आरोप है कि बैंक में जमा उसके दो लाख रुपये भी धमकी देकर निकाल लिए गए। बहादराबाद थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि आरोपी अनुज धीमान पुत्र रमेश निवासी सुल्तानपुर आदमपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## हट की गंदगी टिहरी झील में जाने से लोगों में आक्रोश

नई टिहरी : फ्लोटिंग हट की गंदगी टिहरी झील में जाने पर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने सभी सामाजिक संगठना की स्थापना दिवस 9 नवंबर के दिन बैठक आहूत की। बैठक की जानकारी देते हुए कोटी व्यापार मंडल के अध्यक्ष कुलदीप पंवार ने बताया कि फ्लोटिंग हट संचालकों और सरकार के प्रति लोगों में रोष दिख रहा है। कहा कि गंगा को लेकर चलाए जा रहे नमामि गंगे अभियान को संचालक पलीता लगा रहे हैं। जिसे लेकर व्यापारियों व स्थानीय सामाजिक संगठनों ने रोष जाहिर किया है। स्थापना दिवस पर होने वाली बैठक में इसे लेकर ठोस निर्णय स्थानीय लोग लेंगे। नई टिहरी के व्यापारी इसे लेकर डीएम टिहरी डॉ. सौरभ गहरवार को ज्ञापन देकर चेतावनी भी दे चुके हैं। (एजेन्सी)

# राजाजी पार्क के आउटसोर्स कर्मियों का धरना स्थगित



हरिद्वार। राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क के दो सौ से अधिक आउटसोर्स कर्मियों ने अपना धरना पार्क निदेशक के मौखिक आश्वासन के बाद दो माह के लिए स्थगित कर दिया है। आउटसोर्स कर्मचारी इस्तकार अहमद ने बताया कि पार्क निदेशक ने आउटसोर्स कर्मियों की प्रमुख मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद 34 दिन से चल रहा धरना स्थगित कर दिया गया है। राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क की करीब ग्यारह रेंज में काम करने वाले दो सौ से अधिक आउटसोर्स कर्मी बकाया वेतन, आउटसोर्स प्रथा को समाप्त करने जैसी मांगों को लेकर छह अक्तूबर से धरने पर बैठे थे। आउटसोर्स कर्मी अपनी मांगों को लेकर पार्क प्रबंधन के कई उच्चाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से भी मिले, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया।

सौ से अधिक आउटसोर्स कर्मियों का दल देहरादून स्थित पार्क निदेशक साकेत बडोला के कार्यालय पहुंचा। इस्तकार अहमद ने बताया कि इस दौरान आउटसोर्स कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने पार्क निदेशक से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि पार्क निदेशक ने दो माह में उनकी मांगों के निस्तारण का आश्वासन दिया है। जिसके बाद आउटसोर्स कर्मियों ने दो माह के लिए धरने को स्थगित करने का फैसला लिया है। पार्क निदेशक से मिलने वालों में इस्तकार अहमद, तेजेंद्र ककरेल, रजत, सूरजीत, परमजीत,शमशाद, सूफियान आदि शामिल हैं।

## बाइक सवार ने छीना फल कारोबारी का फोन, फरार

रुड़की। फल कारोबारी का फोन बाइक सवार छीनकर फरार हो गए। शोर शराबा सुनकर मौके पर भीड़ इकट्ठा हुई। कुछ दिन पूर्व भी रामनगर गली नम्बर 11 निवासी अनीता की बाइक सवार बदमाश चेन छीनकर फरार हो गये थे।

सोमवार को भी गोलभट्टा मिलापनगर निवासी गीता से एसडीएम चौक के पास बाइक सवार बदमाश ने पचास हजार रुपये छीन लिए थे। अभी तक झपटामार गैंग का एक भी सदस्य पुलिस के हाथ नहीं लगा है।

# राज्य स्थापना दिवस पर आंदोलनकारी होगें सम्मानित

चमोली : राज्य स्थापना दिवस पर भाजपा अपने सभी मंडलों में कार्यक्रम आयोजित करेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष पद की कमान संभालने के बाद रमेश मैखुरी ने कहा कि सभी मंडलों में राज्य आंदोलनकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन विधानसभा भराड़ीसैंण में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जहां स्पीकर ऋतु खंडूड़ी मौजूद रहेंगी।

मैखुरी ने कहा कि सरकार गैरसैंण को लेकर अवस्थापना के कई कार्य कर रही है। वहीं चमोली के सभी 18 मंडलों में राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम किए जा रहे हैं। मंडल अध्यक्ष झगड़ सिंह, हेमंत सेमवाल, नगर अध्यक्ष नवीन नवानी आदि ने कहा कि मंडलों पर भव्य कार्यक्रम करने की तैयारी की जा रही है। दूसरी ओर रमेश मैखुरी के अध्यक्ष बनने पर लंगासू में मंडल महामंत्री सुनील पंत, योगेंद्र कंडारी, अशोक सेमवाल, चंद्रबल्लभ नगवाल, गंगाधर मैखुरी आदि ने खुशी जताई है। (एजेन्सी)

## सम्पादकीय

# लक्ष्य अभी भी अधूरा

22 वर्ष पूर्व आज ही के दिन उत्तर प्रदेश से अलग होकर 27 वां राज्य बंद कर उत्तराखंड वजूद में आया था। उत्तराखंड के निर्माण के लिए 1 लंबी लड़ाई यहां के लोगों ने लड़ी जिसमें कई युवाओं एवं महिला शक्ति ने अपनी जान की भी परवाह नहीं की। मातृशक्ति एवं युवाओं की ऊर्जा के आगे केंद्र सरकार को आखिर झुकना पड़ा एवं उत्तर प्रदेश से विभाजित होकर उत्तराखंड राज्य गठित कर दिया गया। जैसे तैसे भारतीय जनता पार्टी ने नवगठित राज्य मैं अंतरिम सरकार बनाई तथा दिवंगत नित्यानंद स्वामी को उत्तराखंड का पहला मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, हालांकि जल्द ही उनकी कुर्सी चली गई और उनके स्थान पर भगत सिंह कोश्यारी को मुख्यमंत्री बना दिया गया। वर्ष 2002 में नवगठित उत्तराखंड में पहले विधानसभा चुनाव हुए जिसमें कांग्रेस की सरकार बनी और पंडित नारायण दत्त तिवारी को पहली चुनी हुई सरकार का मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला। इसके पश्चात भाजपा एवं कांग्रेस उत्तराखंड पर शासन करते रहे जो वर्तमान तक भाजपा सरकार के कार्यकाल के तौर पर जारी है। उत्तराखंड राज्य के गठन से पूर्व कल्पना की गई थी अपने संसाधनों एवं प्रातिक संपदा ओके आधार पर उत्तराखंड एक ऐसा राज्य बन कर उड़ेगा जो पूरे देश के लिए एक मिसाल बनेगा। दुर्भाग्य ही रहा कि ऐसी सभी आशाएं धरातल पर खरी नहीं उतरी और उत्तराखंड में मुख्यमंत्री बनने की जो दौड़ अंतरिम सरकार के दौरान शुरू हुई वह अंत तक समाप्त नहीं हो पाई। उत्तराखंड के विकास से अधिक यहां सरकार बनाने की गठजोड़ और जिस दल सरकार बनी तो उसका मुखिया बनने के लिए अपने ही दल में टांग खिंचाई का दौर चलता रहा। परिणाम स्वरूप 22 साल की छोटी सी अवस्था में उत्तराखंड को 12 मुख्यमंत्रियों का बोझा उठाना पड़ा। विडंबना यह है कि राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति नहीं हो पाई और ना ही उत्तराखंड का विकास अपने निर्धारित लक्ष्य तक पहुंच पाया। पहाड़ों की सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पेयजल स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं का आज भी अभाव है, जबकि पलायन एवं रोजगार उत्तराखंड की आज भी एक सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। शहरों के अनियोजित विकास में पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचाया है तो वही तमाम घोटालों एवं वित्तीय व भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं से सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े हुए। हर सरकार में जीरो टलरेंस एवं पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था का आश्वासन जनता को दिया गया लेकिन सरकार और जनता के बीच खाई पाटने का काम उत्तराखंड के मुख्यमंत्री नहीं कर पाए। आज उत्तराखंड अपने गठन के 23 वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है और उम्मीद की जा रही है कि प्रदेश की कमान एक युवा नेता के हाथ में है जिसने अपने पिछले छोटे से कार्यकाल में वह सब करने की हिम्मत जुटाई जो अब से पूर्व देखने को नहीं मिला। उत्तराखंड के लिए बलिदान करने वाले एवं सड़कों पर उतरकर लड़ाई लड़ने वाले आज भी उत्तराखंड की वह तस्वीर देखना चाहते हैं जिसके लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। उत्तराखंड का यह दुर्भाग्य ही रहा कि भले ही राज्य विकास की राह पर लक्ष्य के अनुरूप नहीं चल पाया लेकिन विकास की गाड़ी का जिम्मा उठाने वाले जरूर उस मुकाम तक पहुंच गए जहां शायद उन्होंने भी कभी कल्पना नहीं की होगी।

# राहुल को भगवान न बनाएं!

अजीत द्विवेदी

राहुल गांधी जब से भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं तब से कांग्रेस के नेता उनको भगवान बनाने में लगे हैं। कांग्रेस की यात्रा को दक्षिण भारत के सभी राज्यों में अच्छा रिस्पांस मिला है। लोग यात्रा से जुड़ रहे हैं और सोशल मीडिया के जरिए देश भर में भी इससे अच्छा मैसेज जा रहा है। एक नेता के तौर पर राहुल गांधी की छवि भी बेहतर हो रही है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनको भगवान बनाया जाने लगे। उनकी तुलना देश के महापुरुषों से भी हो रही है। महात्मा गांधी के दांडी मार्च से लेकर विनोबा भावे की भूदान यात्रा और चंद्रशेखर की भारत यात्रा तक से इसकी तुलना हो रही है। यह कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी दोनों के लिए अच्छी बात है। लेकिन कांग्रेस के नेता उनको भगवान बना कर या भगवानों से उनकी तुलना करके उनका और कांग्रेस दोनों का नुकसान कर रहे हैं। वे कांग्रेस को उस राजनीति की ओर ले जा रहे हैं, जिसमें कांग्रेस बहुत अच्छी खिलाड़ी नहीं है।

पिछले दिनों कांग्रेस के कई नेताओं ने राहुल की तुलना अलग अलग भगवानों से की। मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायक कुणाल चौधरी ने उनकी तुलना भगवान राम से की। इसके बाद महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि श्र से राम और र से राहुल बनता है। उन्होंने राहुल को सीधे भगवान राम बना दिया। इस बीच राजस्थान सरकार के मंत्री परसादी लाल मीणा ने राहुल की यात्रा की तुलना भगवान राम की लंका से अयोध्या तक की यात्रा से की। उन्होंने एक कदम आगे बढ़ कर कहा कि राहुल तो भगवान राम से भी लंबी यात्रा कर रहे हैं। राहुल गांधी के बहनोई रबर्ट वाड्रा ने पिछले दिनों कहा कि राहुल शिरडी के साई बाबा की तरह हैं। कुछ दिन पहले तक राहुल को भगवानों का भक्त बताया जाता था। वे खुद को शिवभक्त कहते थे और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी उनको शिवभक्त बताया है। लेकिन अब भक्त की बजाय उनको सीधे भगवान बनाया जाना लगा है।

असल में पिछले सात आठ साल में प्रचार के जरिए यह स्थापित किया गया है कि सेकुलर और लिबरल होना अच्छी बात नहीं है। सेकुलर और लिबरल होने का मतलब मुस्लिमपरस्त होना और देशविरोधी होना है। कांग्रेस इस नैरेटिव का शिकार

**कांग्रेस हो या राहुल गांधी दोनों देश के महापुरुषों के साथ साथ महान धार्मिक चरित्रों से प्रेरणा ले सकते हैं। उनके आदर्शों को अपनाने की बात कर सकते हैं। लेकिन भगवानों से राहुल की तुलना करना या उनको भगवानों की तरह बताना कांग्रेस और राहुल दोनों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। अभी उनकी एक उदार, लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष नेता की छवि है लेकिन कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी उनकी इस छवि को नुकसान कर सकती है। कांग्रेस लाख कोशिश कर ले तब भी वह राहुल की एक धार्मिक नेता वाली छवि नहीं बना सकती है और न कांग्रेस को धर्म की राजनीति करने वाली पार्टी बनाया जा सकता है। उलटे इस प्रयास में कांग्रेस अपनी राजनीतिक जमापूंजी भी गंवा सकती है।**



हो गई है। तभी उसने कांग्रेस और राहुल गांधी की छवि बदलने के अनेक प्रयास किए। इसी प्रयास के तहत राहुल ने मानसरोवर से लेकर काशी विश्वनाथ तक की यात्रा की। अपने को जनेऊधारी और कौल ब्राह्मण बताया। कई जगह पूजा पाठ के लिए गए। लेकिन इसमें उनको ज्यादा कामयाबी नहीं मिली क्योंकि भाजपा और आम आदमी पार्टी पहले से इस स्पेस में राजनीति कर रहे थे और चाह कर भी कांग्रेस या राहुल गांधी ऐसी राजनीति नहीं कर सकते हैं। याद करें कैसे पिछले दिनों अरविंद केजरीवाल ने अपने को सीधे ष्ण का अवतार बता दिया। पहले वे अपने को हनुमानभक्त कहते थे और अब उन्होंने कहा है कि वे जन्माष्टमी को पैदा हुए थे और उनका जन्म कंसों का नाश करने के लिए हुआ है। उन्होंने एक कदम आगे बढ़ कर यह सुझाव दे दिया है कि रुपए पर लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर लगाई जाए। सोचें, क्या राहुल ऐसी राजनीति कर सकते हैं?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी उनकी पार्टी के नेता विष्णु भगवान का अवतार बताते हैं। सबने देखा कि कैसे अयोध्या में मंदिर के शिलान्यास के समय उनकी तस्वीर भगवान राम से भी बड़ी बनाई गई थी और वे भगवान राम की उंगली पकड़ कर मंदिर में ले जा रहे थे। इसके बाद इस साल उत्तर प्रदेश के चुनाव में यह गाना खूब बजा कि श्जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। पिछले दिनों जब वे दिवाली मनाने अयोध्या पहुंचे तो सारे विज्ञापनों और कटआउट्स से भगवान राम ही गायब हो गए। हर जगह उनकी और भगवा पहने योगी आदित्यनाथ की फोटो लगी थी। इससे पहले भी भाजपा की बड़ी नेता उमा भारती ने पार्टी के शीर्ष तीन नेताओं- अटल बिहारी वाजपेयी, लालष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को ब्रह्मा, विष्णु, महेश बताया था। ऐसी राजनीति भाजपा पहले से करती रही है और अब आम आदमी पार्टी भी उसी राजनीति में उतर गई है। लेकिन इस तरह की राजनीति कभी भी कांग्रेस की विचारधारा के अनुरूप नहीं रही है। इसलिए पार्टी को ऐसी राजनीति से बचने की जरूरत है।

भाजपा ऐसी राजनीति में रातों रात चौंपियन नहीं बनी है। दशकों से वह ऐसी ही राजनीति कर रही है। धर्म, धार्मिक प्रतीक और देवी-देवताओं के नाम पर भाजपा ने राजनीति की है और सफलता भी हासिल की है। इसलिए आम जनता के बीच वह इस राजनीति के एकमात्र या सर्वोच्च प्रतिनिधि के तौर पर स्थापित हुई है। आम आदमी पार्टी भी शुरू से ही ऐसी राजनीति कर रही है। हिंदुत्व और राष्ट्रवाद उसकी राजनीति का कोर तत्व रहा है। अन्ना हजारे के नेतृत्व में हुए भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के समय से ही अरविंद केजरीवाल की विचारधारा का यह पक्ष उजागर हो गया था। इसके बरक्स कांग्रेस पार्टी आजादी से पहले आजादी के महान मूल्यों और महात्मा गांधी की विचारधारा पर चलती थी और आजादी के बाद संविधान के मूल्यों को अपनाया। यानी स्वतंत्रता, समानता, धर्मनिरपेक्षता, उदारता और मिश्रित समाजवाद की आर्थिक नीतियों को कांग्रेस ने अपनाया। कांग्रेस के हर नेता की छवि इन्हीं विचारों के ईर्द-गिर्द राजनीति करने से निखरी है। राहुल भी इन्हीं विचारों के प्रतिनिधि हैं और ध्यान रखें ये ही विचार हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद हैं। कांग्रेस कैसे इस बुनियाद को छोड़ सकती है?कांग्रेस हो या राहुल गांधी दोनों देश के महापुरुषों के साथ साथ महान धार्मिक चरित्रों से प्रेरणा ले सकते हैं। उनके आदर्शों को अपनाने की बात कर सकते हैं। लेकिन भगवानों से राहुल की तुलना करना या उनको भगवानों की तरह बताना कांग्रेस और राहुल दोनों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। अभी उनकी एक उदार, लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष नेता की छवि है लेकिन कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी उनकी इस छवि को नुकसान कर सकती है। कांग्रेस लाख कोशिश कर ले तब भी वह राहुल की एक धार्मिक नेता वाली छवि नहीं बना सकती है और न कांग्रेस को धर्म की राजनीति करने वाली पार्टी बनाया जा सकता है। उलटे इस प्रयास में कांग्रेस अपनी राजनीतिक जमापूंजी भी गंवा सकती है। सो, कांग्रेस में बिल्कुल शीर्ष स्तर से यह संदेश सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिया जाना चाहिए कि वे राहुल को भगवान न बनाएं और न कांग्रेस को देवी-देवताओं के नाम पर होने वाली राजनीति में घसीटें।

# ब्राजील में फिर लूला

लैटिन अमेरिका में कुछ वर्षों से चल रही वामपंथ की लहर अब ब्राजील में भी कामयाब हो गई है। इसके पहले अर्जेंटीना, कोलंबिया, पेरू, चिली, होंडूरास और मेक्सिको में भी वामपंथी नेता चुनाव जीत चुके हैं।



ब्राजील के राष्ट्पपति चुनाव में लुइज इनेसियो लूला दा सिल्वा की जीत न सिर्फ इस देश, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जगत के लिए भी दूरगामी महव की है। हालांकि इस बार लूला ने मध्यमार्गी प्लैटफर्म पर चुनाव लड़ा, इसके बावजूद उनकी छवि एक बड़े वामपंथी नेता की है। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने जो बातें कहीं, उनसे भी इस बात का साफ संकेत मिला कि वे अपने नए कार्यकाल में पुराने दौर की नीतियों पर अमल जारी रखेंगे। इसके पहले लूला 2003 से 2010 तक ब्राजील के राष्ट्रपति थे। उस दौर को गरीबी और गैर-बराबरी में भारी गिरावट और कल्याणकारी योजनाओं के कई नए सफल प्रयोगों के लिए याद किया जाता है। इस बार उनकी जीत का महव यह भी है कि लैटिन अमेरिका में पिछले कुछ वर्षों से चल रही वामपंथ की लहर अब इस इलाके के सबसे बड़े देश में भी कामयाब हो गई है।

इसके पहले अर्जेंटीना, कोलंबिया, पेरू, चिली, होंडूरास और मेक्सिको में भी वामपंथी नेता चुनाव जीत चुके हैं। लूला ने इन तमाम देशों को लेकर दक्षिण अमेरिका का अलग व्यापार क्षेत्र बनाने का संकल्प जताया है। इसके अलावा उन्होंने दक्षिण अमेरिका के लिए अलग मुद्रा तैयार करने की योजना भी पेश की है, ताकि वहां बिना डलर पर निर्भर रहे कारोबार हो सके।

लूला की जीत से ब्रिक्स में भी एक नई ताकत आने की उम्मीद की जाएगी। लूला ब्राजील- रूस- भारत- चीन- दक्षिण अफ्रीका के इस मंच के संस्थापकों में एक थे। जिस समय ब्रिक्स के विस्तार की चर्चाएं तेज हैं, उस समय लूला के राष्ट्रपति बनने से इस मंच को नई दिशा मिलेगी। इस बीच लूला के सामने चुनौती देश के अंदर अपने गठबंधन सहयोगियों को साथ बनाए रखने की होगी। लूला ने इस बार मध्यमार्गी दलों और कुछ ऐसी पार्टियों को भी अपने गठबंधन में शामिल किया, जिनका रुझान दक्षिणपंथ की तरफ है।

ुनाव में ये रणनीति कामयाब रही। दरअसल, यह लूला की मजबूरी थी कि वे गठबंधन बनाने में व्यावहारिक नजरिया अपनाएं। बहुत से मतदाता इस बार वोट डालने के लिए किसी उम्मीद की वजह से नहीं, बल्कि बोल्सोनारो से मुक्ति पाने के मकसद से गए। ये सब उनके साथ रहें, यही सुनिश्चित करना लूला की रणनीति थी।

# औरत-मर्दः बाहरी एकरूपता

वेद प्रताप वैदिक

न्यूयर्क टाइम्स ने अपने मुखपृष्ठ पर एक खबर छापी है कि अमेरिका में कई आदमी अब औरतों का वेश धारण करने लगे हैं और औरतें तो पहले से ही वहां आदमियों की वेशभूषा पहनते रही हैं। उनका कहना है कि कपड़ों में भी औरत-मर्द का भेद क्या करना? वह जमाना लद गया जब औरतों के लिए खास तरह की वेशभूषा, जेवर और जूते-चप्पल पहनना अनिवार्य हुआ करता था। उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होती थी। घूंघट और बुर्का लादना आवश्यक माना जाता था।

हमारे संस्त नाटकों को देखें तो कालिदास और भवभूति जैसे महान लेखकों की रचनाओं में उनकी महिला पात्राएं संस्त में नहीं, प्रात में संवाद करती थीं। महिलाओं को पुरुषों के समान न हवन करने का अधिकार था और न ही जनेऊ धारण करने का! वेदपाठ करना तो उनके लिए असंभव ही था। आर्यसमाज के प्रवर्तक महर्षि दयानंद सरस्वती की पा से भारतीय स्त्रियों को इन बंधनों से मुक्ति मिली लेकिन यूरोपीय इतिहास की लगभग एक हजार साल की अवधि को वहाँ अंधकार-युग कहा जाता है।

**हमारे यहां तो भाषा और व्याकरण में भी वह भेद प्रतिबिंबित होता है। उसे सिर्फ वेशभूषा बदलने से नहीं मिटाया जा सकता है। कई देशों में उनके पुरुष भी अपना अधोवस्त्र स्त्रियों-जैसा ही सदियों से पहनते आ रहे हैं। जब पहली बार अपने राष्ट्रपति भवन में भूटान नरेश से लगभग 30 साल पहले मेरी भेंट हुई तो मैं उन्हें स्कर्ट-जैसा अधोवस्त्र पहने देखकर दंग रह गया। पचास साल पहले जब मैं लंदन में पढ़ता था तो मुझे स्काटलैंड के छात्रों को देखकर भ्रम हो जाया करता था, क्योंकि उनमें से कुछ स्कर्ट पहने रहते थे। दुनिया के दर्जनों देश हैं, जिनमें लोगों की वेशभूषा अपने तरह की अनूठी होती है।**

उस युग में पोप लीला के कारण औरतों पर अत्याचार की हद हो रखी थी लेकिन अब इसी ईसाई यूरोप और अमेरिका में आधुनिकता की ऐसी लहर चली है कि आदमी लोग औरतों की तरह लंबे-लंबे बाल रखने लगे हैं, स्कर्ट ब्लाउज पहनने लगे हैं और उनके पारंपरिक जेवर भी अपने शरीर पर सजाने लगे हैं। इसे वे लिंग-भेद का निराकरण कहते हैं लेकिन वास्तव में औरत-औरत होती है और आदमी-आदमी।

हमारे यहां तो भाषा और व्याकरण में भी वह भेद प्रतिबिंबित होता है। उसे सिर्फ वेशभूषा बदलने से नहीं मिटाया जा सकता है।

कई देशों में उनके पुरुष भी अपना अधोवस्त्र स्त्रियों-जैसा ही सदियों से पहनते आ रहे हैं। जब पहली बार अपने राष्ट्रपति भवन में भूटान नरेश से लगभग 30 साल पहले मेरी भेंट हुई तो मैं उन्हें स्कर्ट-जैसा अधोवस्त्र पहने देखकर दंग रह गया।

पचास साल पहले जब मैं लंदन में पढ़ता था तो मुझे स्काटलैंड के छात्रों को देखकर भ्रम हो जाया करता था, क्योंकि उनमें से कुछ स्कर्ट पहने रहते थे। दुनिया के दर्जनों देश हैं, जिनमें लोगों की वेशभूषा अपने तरह की अनूठी होती है। इसीलिए यदि अब अमेरिका की कुछ नामी-गिरामी कंपनियां ऐसी वेशभूषा बनाने लगी हैं, जो अब तक स्त्रियों की मानी जाती थीं, लेकिन अब उन्हें पुरुष भी पहनने लगे हैं तो इसमें बुराई क्या है? यह नर-नारी समता का नया युग शुरु हो रहा है। इसे हम ऊपरी या बाहरी एकरुपता कहें तो बेहतर होगा।

# कलेजियम सिस्टम बदलेगी सरकार




देश की तमाम संवैधानिक और वैधानिक संस्थाओं में अपनी पसंद के और प्रतिबद्ध लोगों की नियुक्ति के बाद ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार की नजर देश की न्यायपालिका पर है। उच्च अदालतों में नियुक्ति और तबादले की मौजूदा प्रक्रिया को सरकार हर हाल में बदलना चाहती है। यह भी लग रहा है कि किरेन रिजीजू को देश का कानून मंत्री इसी काम के लिए बनाया गया है। इससे पहले आमतौर पर किसी अनुभवी और वरिष्ठ वकील को देश का कानून मंत्री बनाया जाता था। रिजीजू ने कानून की पढ़ाई जरूर की लेकिन उन्होंने प्रैक्टिस नहीं की है। इसलिए वे न्यायपालिका और उच्च अदालतों में कामकाज की बहुत सी बारीकियों और घोषित-अघोषित परंपराओं के बारे से परिचित नहीं हैं।

तभी कानून मंत्री बनने के बाद से वे लगातार उच्च न्यायपालिका को निशाना बना रहे हैं। एक ही सांस में वे न्यायपालिका के प्रति सम्मान की बात भी करते हैं और उसकी कमियां भी बताते हैं। उन्होंने पिछले दिनों कहा था कि न्यायपालिका में बहुत राजनीति होती है और जजों की बहाली, प्रमोशन और उनके तबादले पर ही ज्यादा ध्यान रहता है। वे लगातार कलेजियम सिस्टम की बुराई करते हैं। अब उन्होंने कहा है कि भारत को छोड़ कर दुनिया के किसी भी देश में जजों की नियुक्ति जज नहीं करते हैं।

रिजीजू ने कहा है कि कलेजियम सिस्टम बहुत अस्पष्ट और संदिग्ध है। उन्होंने इससे मिलीभगत वाला होने के आरोप भी लगाए। तभी ऐसा लग रहा है कि सरकार फिर से न्यायिक जवाबदेही कानून ला सकती है। पिछली बार सुप्रीम कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था। जजों की नियुक्ति की मौजूदा व्यवस्था को बदलने के लिए यह कानून फिर से लाने की पृष्ठभूमि बनाई जा रही है।

यह देखना दिलचस्प होगा कि यह काम नए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल में होता है या नहीं? ध्यान रहे अगले लोकसभा चुनाव के बाद तक चंद्रचूड़ ही चीफ जस्टिस रहने वाले हैं।

## मौसंबी में भरा हुआ है विटामिन- सी, इम्यूनिटी को मजबूत करने की है मानों खदान

मौसंबी का जूस पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। क्योंकि मौसंबी कई सारे पोषक तत्व के गुणों से भरपूर होता है। रोजाना मौसंबी का सेवन करने से शरीर में होने वाली कमजोरी की समस्या दूर हो जाती है। शरीर को ताकत देने में मदद करती है। मौसंबी का जूस पीने के बहुत सारे लाभ हैं। तो आइए जानें मौसंबी का जूस पीने से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए मौसंबी का जूस का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद साबित होता है। क्योंकि मौसंबी में विटामिन सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में मदद करती है। इसलिए नियमित रूप से मौसंबी का जूस का सेवन करने से इम्यूनिटी बेहतर होती है। मौसंबी का जूस का सेवन आपकी आंखों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि मौसंबी में विटामिन सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो आंखों की रोशनी बढ़ाने में फायदेमंद होती है। आंखों को स्वस्थ रखने में विटामिन सी अहम भूमिका निभाता है। आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए मौसंबी के जूस का सेवन जरूर करें। एक्सपर्ट्स के अनुसार, त्वचा के लिए मौसंबी का जूस का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि मौसंबी में विटामिन सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो त्वचा के लिए फायदेमंद होती है। ये आपकी त्वचा को इंफेक्शन से बचाकर रखता है। साथ ही त्वचा को चमकदार भी बनाता है। हड्डियों की समस्या अक्सर बढ़ती उम्र के साथ सामने नजर आने लगती हैं। लोग अस्टियोअर्थराइटिस, रुमेटाइड अर्थराइटिस से ग्रस्त हो जाते हैं। ये सभी प्रतिरक्षा कोशिकाओं के कारण टिशूज में इंफ्लेमेशन होने का परिणाम है।विटामिन सी और फोलिक एसिड से भरपूर मौसंबी का जूस हड्डियों को मजबूती देता है और जोड़ों की कार्यक्षमता को सुधारता है।

# सर्दियों में भूलकर भी गरम पानी से नहीं धोएं चेहरा, हो सकते हैं ये पांच नुकसान

सर्दियां आते ही हम गरम पानी का इस्तेमाल करना शुरू कर देते हैं। इससे ठंडे मौसम में आराम मिलता है। कुछ लोग गरम पानी का इस्तेमाल पीने से लेकर मुंह धोने तक हर चीज में करते हैं। इससे उनकी त्वचा को फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचता है। आइए आज आपको गरम पानी से नहाने और मुंह धोने से त्वचा को होने वाले पांच नुकसानों के बारे में बताते हैं।

**गरम पानी से त्वचा जल्दी हो जाती है ड्राई**

सर्दियों में ज्यादातर लोगों की त्वचा खुश्क रहती है, लेकिन गरम पानी से मुंह धोने से त्वचा में सामान्य से ज्यादा रुखापन और ड्राईनेस आ जाती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि गरम पानी के इस्तेमाल से त्वचा के नेचुरल अयल और प्रोटीन कम हो जाते हैं जो उसे ड्राई होने से बचाते हैं। गरम पानी से मुंह धोने से ज्यादा संवेदनशील त्वचा को स्किन इंफेक्शन होने का खतरा भी रहता है।

**चेहरे की चमक और बालों के लिए है हानिकारक**

चेहरे की त्वचा बेहद संवेदनशील होती है, इसलिए कभी-कभी गरम पानी से त्वचा के सेल्स डैमेज हो जाते हैं। चेहरे पर ड्राईनेस और रेडनेस की समस्या होने लगती है। इससे आपकी त्वचा की नेचुरल चमक भी खत्म हो जाती है। इसके अलावा गरम पानी से नहाने से बालों को भी नुकसान पहुंचता है। यह आपके स्कैल्प को रुखा बनाता है और बालों की जड़ों को कमजोर करता है। इससे बाल भी ज्यादा झडने लगते हैं।

**चेहरे पर जल्दी आती हैं झुर्रियां**

समय से पहले त्वचा पर झुर्रियां आ जाना किसी को भी पसंद नहीं आता। अगर आप इससे बचना चाहते हैं तो गरम पानी से अपनी त्वचा को बिल्कुल न धोएं। दरअसल, गरम पानी के इस्तेमाल से शरीर में पाया जाने वाला कोलेजन और सीबम कम होने लगता है जिससे त्वचा खराब होना शुरू हो जाती है। अगर शरीर में कोलेजन और सीबम की मात्रा ज्यादा होगी तो एजिंग के निशान देर से आएंगे।

**त्वचा पर निशान और जलन का खतरा**

ज्यादा गरम पानी से नहाने और मुंह धोने से त्वचा पर कई तरह के निशान आने भी शुरू हो जाते हैं और खुजली होने लगती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि इसके इस्तेमाल से त्वचा के रोमछिद्र ज्यादा खुल जाते हैं। गरम पानी से चेहरे पर रेडनेस भी आने लगती है, जिससे जलन (सनबर्न) जैसा लगने लगता है। इससे आपका चेहरा काफी खराब दिखने लगता है, इसलिए सर्दियों में गरम पानी के इस्तेमाल से बचें।

**शरीर में आ जाती है सुस्ती**

सर्दियों में गरम पानी से नहाने के बाद शरीर को बहुत आराम महसूस होता है, लेकिन इससे आपका ही नुकसान होगा। दरअसल, गरम पानी से नहाने के बाद शरीर सुस्त हो जाता है और गहरी नींद आने लगती है। अगर आप नर्मल पानी से नहाएंगे तो थोड़ी देर के लिए शायद आपको ठंड लगे, लेकिन इससे आप पूरा दिन एक्टिव महसूस करेंगे। इसके अलावा ठंडे पानी से रोजाना नहाने से आपकी गरम पानी की आदत भी छूट जाएगी।

## उत्तर कोरिया ने रूस को हथियार बेचने की बात से किया इनकार

**सियोल ,एजेंसी।** उत्तर कोरिया की सेना ने मंगलवार को रूस को हथियार या गोला-बारूद निर्यात करने से इनकार किया और कहा कि उसकी ऐसा करने की कोई योजना नहीं है। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के सैन्य विदेश मामलों के उप निदेशक द्वारा जारी एक बयान में प्योंगयांग ने वाशिंगटन को इस तरह की बातें फैलाने के खिलाफ चेतावनी दी।

उत्तर कोरिया की ओर से कहा गया कि हम अमेरिका के इस तरह के कदमों को उसकी छवि खराब करने के शत्रुतापूर्ण प्रयासों के रूप में देखते हैं।

अधिकारी ने कहा कि हम एक बार फिर स्पष्ट करते हैं कि रूस के साथ हमारा कभी भी शहथियारों का सौदा नहीं हुआ है और भविष्य में ऐसा करने की हमारी कोई योजना नहीं है।

इससे पहले अमेरिकी खुफिया विभाग ने कहा था कि रूस उत्तर कोरिया से लाखों रकेट और तोपखाने के गोले खरीदने की प्रक्रिया में है, जो यूएनएससी प्रस्तावों का उल्लंघन है। जवाब में उत्तर कोरिया ने हथियारों के सौदे से इनकार किया।

## सुनक व मैक्रों जलवायु परिवर्तन संरक्षण पर काम करने को सहमत

**लंदन ,एजेंसी।** मिस्र में चल रहे यूएन सीओपी27 शिखर सम्मेलन से इतर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ा षि सुनक और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जलवायु संरक्षण को आगे बढ़ाने के महत्व पर सहमति जताई। सुनक के पिछले महीने प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी।

डाउनिंग स्ट्रीट के एक बयान के अनुसार सुनक और मैक्रों ने यूके और फ्रांस के लिए असैनिक परमाणु ऊर्जा समेत अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर सहयोग करने के लिए भी चर्चा की।

बयान में कहा गया है कि उन्होंने अवैध प्रवास और आपराधिक तस्करी करने वाले गिरोहों पर नकेल कसने पर जोर दिया। इसके अलावा अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम जारी रखने की भी बात कही।

चर्चा का विषय यूक्रेन पर चल रहे रूसी हमले और कीव की रक्षा के लिए सैन्य और आर्थिक समर्थन बनाए रखने पर आधारित था। बैठक के बाद एक ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा, दोस्त, भागीदार, सहयोगी इमैनुएल मैक्रों से मिलकर बहुत अच्छा लगा।

दोनों देशों के बीच पहले कई मुद्दों पर टकराव होने के बाद यह बैठक हुई है। इसमें ब्रिटेन, अमेरिका और अस्ट्रेलिया के बीच एक सैन्य समझौता और उत्तरी आयरलैंड से जुड़े ब्रेक्सिट उपाय पर भी बातचीत की गई।

## युद्ध के बावजूद यूएस-रूस के बीच बातचीत के रास्ते खुले

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** यूक्रेन के खिलाफ रूस के जारी युद्ध के बावजूद मस्को और वाशिंगटन के बीच बातचीत के रास्ते खुले हैं। इस बात की पुष्टि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने की है। न्यूयर्क में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसए ने कहा कि क्रेमलिन के साथ संपर्क बनाए रखना अमेरिका के हित में है।

सुलिवन ने कहा कि, राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन का जवाबदेही को आगे बढ़ाने का दायित्व था और उन्होंने यूक्रेन में युद्ध अपराधियों को उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए जिम्मेदार बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ काम करने का वचन दिया।उन्होंने कहा, मैं शुक्रवार (4 नवंबर) को कीव में था और सैन्य नेतृत्व के साथ राष्ट्रपति जेलेंस्की और मेरे समकक्ष एंड्री यरमक से मिला, इस दौरान वहां हुई तबाही की भी जानकारी ली।

# केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव का आज देवबंद आगमन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** माननीय रेल मंत्री ने किया नई दिल्ली-देवबंद रेल खंड का रियर विंडो निरीक्षण और देवबंद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

माननीय केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली - देवबंद रेल खंड का रियर विंडो निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ श्री आशुतोष गंगल, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे, श्री डिंपी गर्ग, डीआरएम, दिल्ली और उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।



विंडो ट्रेलिंग के दौरान, माननीय मंत्री महोदय ने इस खंड पर पड़ने स्टेशनों एवं प्रगतिशील विकास कार्यों और स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए उनकी समीक्षा की।

देवबंद रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर, माननीय मंत्री महोदय को देवबंद स्टेशन पर विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी गई और स्टेशन में मुहैया कराई जा रही निम्नलिखित सुविधाओं से भी अवगत कराया गयाः

1. पूर्ण लंबाई के तीन नए उच्च स्तरीय प्लेटफार्म
2. नये स्टेशन भवन एवं सर्कुलेटिंग एरिया का विकास
3. निर्माणाधीन देवबंद-रुड़की रेलवे लाइन के लिए यात्री प्लेटफर्म सहित यात्रियों को समायोजित करने के लिए दो नई लूप लाइनें।
4. माल ढुलाई में वृद्धि करने के लिए देवबंद में एक नई गुड्स साइडिंग का निर्माण ।

माननीय रेल मंत्री ने निर्देश दिए कि देवबंद रेलवे स्टेशन के अग्रभाग को स्थानीय संसति और बाला सुंदरी मंदिर जैसे प्रसिद्ध क्षेत्रीय पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित करने के लिए विकसित किया जाए। उन्होंने खुर्दा रेलवे स्टेशन की भांति देवबंद स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार, प्लेटफार्मों की पूर्ण लंबाई की कवरिंग और सर्कुलेटिंग एरिया के आसान पहुंच को विकसित करने के भी निर्देश दिए।

दोनों निरीक्षण कार्यों के उपरांत, माननीय रेल मंत्री ने इन सभी कार्यों के निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा होने की उम्मीद जताई। मंत्री महोदय ने इस बात पर विशेष बल देते हुए कहा कि इन खंडों में रेल परिचालन की सुरक्षा पर अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि इस रेलमार्ग पर रेल यातायात बहुत अधिक रहता है। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों को बेहतर यात्री सुविधाएं और सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए और स्वच्छता के उच्चतम मानकों को कायम रखा जाना चाहिए।

## बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने 25 जिलों में 100 पुलों का किया उद्घाटन

**ढाका ,एजेंसी।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 25 जिलों में लगभग 100 पुलों का उद्घाटन किया। इसे एक ऐतिहासिक घटना बताते हुए उन्होंने कहा कि पुलों से देश के समग्र विकास में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

शेख हसीना ने ढाका में अपने आधिकारिक आवास से 879 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित पुलों का उद्घाटन किया। ये पुल राजधानी से सीधा सड़क संपर्क स्थापित करते हैं। 33 मार्गों को नौका सेवाओं से मुक्त बनाते हुए सड़क संचार को सुचारु, तेज, आसान और सुरक्षित बना देंगे।

उद्घाटन किए गए पुलों में 46 चट्टोग्राम डिवीजन में, 17 सिलहट डिवीजन में, 14 बरिशल डिवीजन में, ढाका और राजशाही डिवीजन में सात-सात, मयमनसिंह डिवीजन में छह और रंगपुर डिवीजन में तीन शामिल हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि पुल कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए त्वरित उपाय करने में मदद करेंगे।

## भारत और रूस 2023 में भी बने रहेंगे बिजनस पार्टनर, इस साल हर महीने आयात में हुआ इजाफा

**मस्को ,एजेंसी।** यूक्रेन से जारी संघर्ष के बीच रूस का दुनियाभर के अधिकतर बाजारों के साथ व्यापारिक संबंध उतार-चढ़ाव वाला रहा है। इस बीच, भारत रूस का एक अहम कारोबारी साझेदार बना हुआ है और और वर्ष 2023 में भी वह रूस के साथ मजबूत कारोबारी रिश्ते कायम रख सकता है। मंगलवार को जारी एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है।

बता दें कि नव प्रकाशित 2023 ग्लोबल ट्रेड आउटलुक एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस बिग पिक्चर 2023 आउटलुक रिपोर्ट सीरीज का हिस्सा है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के इकोनमिक मैनेजर अग्नियेजका मसीज्यूस्का का कहना है कि हाल के महीनों में रूस से होने वाले आयात में इजाफा हुआ है। ऐसा प्राथमिक रूप से अयल, गैस और कोल की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ दूसरे देशों में रूस से आयात के कारण हुआ है।अग्नियेजका मसीज्यूस्का ने कहा कि रूस से आयात करने वाले प्रमुख देशों में एक प्रमुख नाम भारत है। भारत का रूस के साथ कारोबार में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 100 फीसदी बढ़ा है। फरवरी 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से भारत का रूस के साथ आयात हर महीने बढ़ा है।बता दें कि एसएंडपी ग्लोबल वैश्विक पूंजी, कमोडिटी व अटोमोटिव बाजारों में क्रेडिट रेटिंग, बेंचमार्क, एनालिटिक्स और वर्कफ्लो समाधान का दुनिया का अग्रणी सेवा प्रदाता है। रिपोर्ट में रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण व्यापार में प्रत्याशित बदलाव के साथ-साथ 2023 में कंटेनरीत व्यापार के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया है जबकि वर्ष 2022 दूसरे हफ में अनुमानित मंदी के कारण कारोबार में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में केवल 0.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट में नए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के ग्रीनहाउस रिडक्शन से जुड़े मापदंडों पर भी प्रकाश डाला गया है, जिसे वर्ष 2023 में पेश किया जाना है।

## अजमेर में पारंपरिक रुप से मनाई गई गुरुनानक जयंती

**अजमेर ,एजेंसी ।** राजस्थान के अजमेर में 554वीं गुरुनानक देव जयंती उत्साह, आस्था और पारंपरिक तरीके से मनाई गई ।

अजमेर के गंज स्थित गुरुद्वारे से शोभायात्रा शुरू हुई जिसमें बड़ी संख्या में सिख समुदाय से जुड़े महिला, पुरूष, बच्चों ने शिरकत की। गाजे बाजे के बाद शुरू हुई इस शोभायात्रा में पंच प्यारे प्रतीक चिह्न लिए सबसे आगे चल रहे थे। सिख महिलाएं झाड़ू लगाते हुए सड़क की सफाई के साथ कारसेवा कर रही थी तो पुरुष पानी से छिड़काव कर सड़क को शुद्ध कर रहे थे।

शोभायात्रा में गुरुग्रंथ साहिब की सवारी को बहुत ही अदब व शिद्दत के साथ ले जाया जा रहा था। शोभायात्रा गंज गुरुद्वारे से शुरू होकर महावीर सर्किल, पुराना प्रभात सिनेमा, जयपुर रोड, पटेल मैदान की ओर होते हुए रेलवे अफिसर्स क्लब पहुंचेगी और वापसी में भी इसी मार्ग से दोपहर में शुरु होकर सायं गंज पर समाप्त होगी। रेलवे अफिसर्स क्लब पर कीर्तन दरबार सजाया गया है जिसमें दमदमी टक्साल के ज्ञानी निर्मल सिंह कथावाचक, जालंधर के संतोक सिंह, लुधियाना के तरनवीर सिंह रब्बी व हजूरी रागी सतपाल सिंह कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल करेंगे और उसके बाद समाज में लंगर का आयोजन होगा।

अजमेर में गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव के मद्देनजर गंज गुरुद्वारा, हाथीभाटा गुरुद्वारा, अलवर गेट गुरुद्वारो को विशेष रोशनी से सजाया गया है और सभी जगह कीर्तन पाठ भी चल रहे हैं।

अजमेर के पुष्कर स्थित वृहद गुरुद्वारे को भी सजाया गया है जहां भी कीर्तन दरबार का आयोजन हो रहा है।

## प्रधानमंत्री विशाखापत्तनम में दस हजार करोड़ रुपये की सात परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे

**विशाखापत्तनम ,एजेंसी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बारह नवंबर को यहां दस हजार करोड़ रुपये से अधिक की सात परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे।श्री मोदी ग्यारह नवंबर की शाम करीब सात बजे स्टील सिटी पहुंचेंगे और अगले दिन आंध्र विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कलेज मैदान में कई परियोजनाओं की शुरुआत एवं आधारशिला रखने के बाद सभा को संबोधित करेंगे।शहर के पुलिस आयुक्त सी श्रीकांत के अनुसार बारह नवंबर को विजाग में होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए चार हजार से अधिक पुलिस बल के अलावा आतंकवाद विरोधी संगठन अक्टोपस की तीन इकाइयों और छह नक्सल विरोधी बल की इकाइयों को लगाया जाएगा।

# देश के सबसे प्रदूषित शहरों में कटिहार नंबर वन, दिल्ली दूसरे नंबर पर

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** देश में वायु प्रदूषण के स्तर में बहुत ज्यादा सुधार होता दिखाई नहीं दे रहा है। लोगों को भी इससे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में बिहार का कटिहार पहले नंबर पर है। वहीं देश की राजधानी दिल्ली वायु गुणवत्ता सूचकांक में बहुत खराब एक्यूआई के साथ दूसरे नंबर पर काबिज है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जारी किए आंकड़ों में 163 अलग अलग शहरों के प्रदूषण के स्तर को मापा है। इसके अनुसार बिहार के कटिहार में 7 नवंबर को 163 भारतीय शहरों में सबसे अधिक एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 360 था। आंकड़ों से पता चलता है कि दूसरे नंबर पर दिल्ली का एक्यूआई 354 रहा। वहीं एनसीआर के नोएडा का 328 और गाजियाबाद का एक्यूआई 304 रहा।



इसके अलावा कई और शहरों में प्रदूषण का स्तर बहुत खराब मापा गया। बिहार के बेगूसराय में एक्यूआई 339, हरियाणा के फरीदाबाद में 338, बल्लभगढ़ का 334 रहा। वहीं बिहार के ही सिवान का 331, सोनीपत में 324, ग्वालियर में 312 और गुरुग्राम में एक्यूआई 305 रिकर्ड किया गया।

वायु प्रदूषण में ज्यादा सुधार ना होता देख दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों से अपील की है कि वे राजधानी की सीमाओं पर ट्रैफिक जाम से बचने के लिए पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर गैर-जरूरी सामान ले जाने वाले ट्रकों को डायवर्ट करने के उपाय करें। वहीं पराली जलाने की घटनाओं में भी बहुत ज्यादा कमी नहीं देखी जा रही है।

गौरतलब है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई गंभीर माना जाता है।

## रालोद ने की खतौली सीट हथियाने की तैयारी शुरू

**मेरठ ,एजेंसी।** उत्तरप्रदेश की खतौली विधानसभा सीट से भाजपा विधायक विक्रम सैनी को अयोग्य ठहराए जाने के तुरंत बाद राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) ने घोषणा की है कि वह इस निर्वाचन क्षेत्र में 15 नवंबर को रोड शो और जनसभा का आयोजन करेगी। गौरतलब है कि खतौली को रालोद का गढ़ कहा जाता था, जिसे 2017 चुनाव में भाजपा ने उससे छीन लिया था।रालोद अब उस सीट को वापस पाना चाहती है। उल्लेखनीय है कि रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने राज्य विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को पत्र लिखकर पूछा था कि अदालत द्वारा दोषी ठहराने के बावजूद विधायक विक्रम सैनी के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

# पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल का संकट

**इस्लामाबाद ,एजेंसी।** पकिस्ताम में आने वाले दिनों में पेट्रोल और हाई-स्पीड डीजल की कमी हो सकती है, इससे आसन्न ईंधन संकट को टालने के लिए विशेष उपायों का आह्वान किया जा रहा है। यह बयान पाकिस्तान की अयल कंपनीज एडवाइजरी काउंसिल (ओसीएसी) ने दिया है। तेल क्षेत्र की प्रतिनिधि संस्था ओसीएसी ने कहा, बिक्री की मौजूदा प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए, हम आने वाले दिनों में अपर्याप्त आयात और सीमित स्थानीय लाभ के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में उत्पाद (पेट्रोल, डीजल) की उपलब्धता की चुनौतियों का अनुमान लगाते हैं।

पहले व्यापक विचार-विमर्श के बाद 210,000 मीट्रिक टन हाई-स्पीड डीजल और 147,000 मीट्रिक टन पेट्रोल की कमी पर काम किया गया था।

हालांकि यह चिंताजनक है कि प्रत्याशित बिक्री मात्रा और स्टक कवर के अनुरूप पेट्रोल आयात का अभी तक इंतजाम नहीं किया गया है।

पिछले महीने कुछ तेल विपणन कंपनियों की बिक्री अपेक्षा से अधिक रही है और यह लगातार बढ़ती जा रही है।

स्थिति को देखते हुए ओसीएसी ने सरकार से देश को डीजल व पेट्रोल की कमी से बचाने के लिए आयात करने वाली कंपनियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की मांग की है।

## ट्रेक्टर ट्राली पलटने से तीन की मृत्यु, 21 घायल

**दतिया ,एजेंसी ।** मध्यप्रदेश के दतिया जिले के सेवड़ा में आज ट्रेक्टर ट्राली पलटने से तीन लोगों की मृत्यु हो गयी और 21 अन्य घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सेवड़ा क्षेत्र में एक नदी पर बने पुल के पास तेज गति से ट्रेक्टर ट्राली जा रही थी। चालक ने किसी वजह से अचानक ब्रेक लगाया, जिससे ट्राली पलट गयी। इस वजह से ट्राली में सवार एक महिला समेत तीन सवारों की मृत्यु हो गयी।

सूत्रों ने कहा कि ट्राली में सवार कुल 21 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। शेष को प्राथमिक उपचार दिया गया है। घायलों को दतिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर घायलों को ग्वालियर भेजा गया है।

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गंगा के किनारे वाटर स्पोर्ट्स

**कानपुर ,एजेंसी ।** उत्तर प्रदेश में गंगा नदी के किनारे जल पर्यटन को बड़े पैमाने पर विकसित करने के लिए वार्षिक गंगा रैली और अन्य जल क्रीड़ाओं की योजना बनाई जा रही है। जल परिवहन के माध्यम से गंगा किनारे स्थित पर्यटन स्थलों को भी विकसित किया जाएगा।

कानपुर के अटल घाट से प्रयागराज तक नाव और सड़क मार्गों से दो सर्वेक्षण दल इसके तौर-तरीकों का अध्ययन करेंगे और उन स्थानों की तलाश करेंगे जिन्हें विशिष्ट जल खेलों के लिए विकसित किया जा सकता है।

इसके अलावा सर्वेक्षण का पूरे मार्ग पर मोबाइल नेटवर्क कवरेज की उपलब्धता के साथ-साथ चिकित्सा, पुलिस आदि की सुविधाओं पर भी फोकस होगा।

एक सर्वेक्षण नदी मार्ग से होगा और दूसरा सड़क मार्ग से।

कानपुर से जुड़े विकास कार्यों के समन्वयक और कानपुर बोट क्लब के सचिव नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि शगंगा जल रैली में करीब 50 खिलाड़ी भाग लेंगे।

रैली का पहला पड़ाव उन्नाव के बक्सर, दूसरा रायबरेली के डलमऊ तीसरा प्रतापगढ़ के कलाकांकर, चौथ प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर और पांचवां व आखिरी प्रयागराज के प्रयागराज बोट क्लब में होगा।

उन्होंने कहा, नदी के माध्यम से गंगा धारा का मार्ग, जल प्रवाह, पानी की गहराई और प्रत्येक खंड के बीच में अल्प विश्राम के स्थानों की भी पहचान की जाएगी।

कानपुर के संभागीय आयुक्त राज शेखर ने कहा कि उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों के उप-मंडल मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को भी तैयारी करने को कहें।

## केरल के राज्यपाल ने मानसिक स्थिरता खो दी है : माकपा

**तिरुवनंतपुरम ,एजेंसी ।** माकपा ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खेमे में लड़ाई लडने का फैसला करने के साथ ही पार्टी ने मंगलवार को श्सेव एजुकेशन कलेक्टिव के तहत लिखे पर्चे बांटे, जिसमें राज्यपाल को फटकार लगाई और उनकी मानसिक स्थिरता पर उंगली उठाई। पर्चे में लिखा गया कि खान को राज्यपाल के अधिकारों, जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वह संघ परिवार की ताकतों का सिर्फ एक उपकरण है।इस बात की पुष्टि करते हुए कि माकपा ने चौतरफा हमले की घोषणा की है, राज्य के पार्टी सचिव एमव्री. गोविंदन ने कहा कि आगे बढने का एकमात्र तरीका लोगों को काम करने के असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक शैली के खिलाफ लाना है।

गोविंदन ने कहा, उन्होंने (राज्यपाल) अपनी मानसिक स्थिरता खो दी है। 15 नवंबर को, हम ऐसा विरोध प्रदर्शन करेंगे, जो पहले कभी नहीं देखा गया होगा। एक लाख लोग राज्यपाल के आधिकारिक आवास के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# जम्मू-कश्मीर पुलिस परीक्षा का पेपर लीक,सीआरपीएफ का 1 जवान, 4 पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर पुलिस सब-इंस्पेक्टर (जेकेपीएसआई) परीक्षा के पेपर लीक मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक अधिकारी और सीआरपीएफ के एक कांस्टेबल समेत चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जम्मू-कश्मीर पुलिस के एएसआई अशोक कुमार, सीआरपीएफ कांस्टेबल सुरिंदर कुमार और दो निजी व्यक्तियों प्रदीप कुमार और बजिंदर सिंह के रूप में हुई है।

सीबीआई ने इस घोटाले में अब तक एक एएसआई और जम्मू-कश्मीर पुलिस के दो कांस्टेबल, एक बीएसएफ कमांडेंट, एक सीआरपीएफ अधिकारी, एक पूर्व सीआरपीएफ कांस्टेबल और एक जम्मू-कश्मीर सरकारी स्कूल के शिक्षक सहित 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जांच के दौरान पता चला कि प्रिटिंग प्रेस के पैकिंग इंचार्ज ने परीक्षा के प्रश्नपत्र को पैक करते समय कथित तौर पर चुरा लिया और उसे पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी को बेच दिया।सीबीआई ने कहा, हरियाणा में रहने वाले आरोपी ने लीक हुए प्रश्नपत्र की बिक्री के लिए उम्मीदवारों की याचना करने के लिए जम्मू-कश्मीर में स्थित अन्य दलालों से संपर्क किया।जम्मू-कश्मीर के दलाल कथित तौर पर परीक्षा से एक दिन पहले उम्मीदवारों को जम्मू से हरियाणा के करनाल ले गए और उम्मीदवारों को करनाल ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था आरोपी एएस-।आई द्वारा की गई थी। करनाल के एक आरोपी ने करनाल में अभ्यर्थियों को लीक हुए प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के लिए होटल की व्यवस्था की थी।सुरिंदर ने कथित तौर पर कुछ उम्मीदवारों को लीक प्रश्नपत्र मुहैया कराया था।सीबीआई ने 3 अगस्त को जम्मू-कश्मीर सरकार के अनुरोध पर 33 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिसमें तत्कालीन चिकित्सा अधिकारी, बीएसएफ फ्रंटियर मुख्यालय, पलौरा, तत्कालीन सदस्य, तत्कालीन अवर सचिव, जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जेएंडकेएसएसबी) के तत्कालीन अनुभाग अधिकारी शामिल थे। पूर्व सीआरपीएफ कर्मियों, जम्मू-कश्मीर पुलिस एएसआई, अखनूर में एक कोचिंग सेंटर के मालिक, बेंगलुरु स्थित निजी कंपनी, निजी व्यक्तियों और अज्ञात अन्य लोगों पर मामला दर्ज किया गया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस में उप-निरीक्षकों के पदों के लिए लिखित परीक्षा जम्मू-केएसएसबी द्वारा आयोजित मार्च में आयोजित किया गया था। 4 जून को परिणाम घोषित होने के बाद परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगे थे और जम्मू-कश्मीर सरकार ने इसकी जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया था। यह आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने जेकेएसएसबी, बेंगलुरु स्थित एक निजी कंपनी, लाभार्थी उम्मीदवारों और अन्य के अधिकारियों के बीच साजिश रची और लिखित परीक्षा के संचालन में घोर अनियमितताएं कीं।

# हर कोई भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल देखना चाहेगाः वॉटसन




सिडनी,। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के दौरान रोमांच अपनी पराकाष्ठा पर होता है और यही वजह है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉ-टसन इन दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच टी20 विश्व कप का खिताबी मुकाबला देखना चाहते हैं।भारत और पाकिस्तान ग्रुप चरण में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर एक दूसरे का सामना कर चुके हैं जिसमें विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक पारी खेली थी।अब यह दोनों टीमें सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं और ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच खिताबी मुकाबले के कयास लगाए जा रहे हैं।

भारत गुरुवार को एडिलेड में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा जबकि पाकिस्तान का मुकाबला सिडनी में इससे एक दिन पहले न्यूजीलैंड से होगा।

प्रतियोगिता की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार वॉटसन ने कहा, हर कोई पाकिस्तान और भारत को फाइनल में देखना पसंद करेगा। मैं दुर्भाग्य से एमसीजी में सुपर 12 के उस मैच को नहीं देख पाया था क्योंकि मैंने उससे पहले ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के मैच की कमेंट्री की थी।

उन्होंने कहा, लेकिन मैंने जो रिपोर्ट पढ़ी और उस मैच को देखने वाले लोगों से सुना, उनके अनुसार यह मैच विशेष था और इसे टीवी पर देखने का भी अलग आनंद था। वे 2007 में टी–20 विश्वकप के फाइनल में खेले थे और हर कोई उन्हें फिर से फाइनल में खेलता हुआ देखना पसंद करेगा।

# दिसंबर में वेस्टइंडीज का दौरा करेगी इंग्लैंड महिला टीम



लंदन, क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने सोमवार को तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए दिसंबर में कैरेबियाई दौरे पर जाने वाली इंग्लैंड की महिला टीम के कार्यक्रम की घोषणा की।

तीन मैचों की वनडे श्रृंखला, जिसके बाद पांच मैचों की टी20 सीरीज है, जो 4 से 22 दिसंबर तक एंटीगुआ, बारबुडा और बारबाडोस में खेली जाएगी। तीन वनडे मैच आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे, जिसमें इंग्लैंड को सितंबर में भारत से 3–0 की घरेलू हार के बाद आगे नहीं बढ़े हैं।इंग्लैंड महिला क्रिकेट निदेशक जोनाथन फिंच ने कहा, हम वेस्टइंडीज दौरे के लिए कार्यक्रम जारी करने के लिए खुश हैं। यह हमेशा एक शानदार जगह है और जल्द ही एक नए मुख्य कोच के बोर्ड पर आने के साथ यह इस टीम के लिए एक नए चक्रकी शुरूआत है।

उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज सीरीज आईसीसी महिला चैंपियनशिप के हमारे पहले विदेशी दौर को दर्शाती है और यह महत्वपूर्ण है कि हमें बोर्ड में कुछ अंक मिले। यह दौरा अगले साल की शुरूआत में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की तैयारी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम के बाहर होने से जनता का उत्साह फीका पड़ाः गिलक्रिस्ट



मेलबर्न, महान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान घरेलू टीम के प्रति जनता का उत्साह फीका पड़ा, जिस तरह से दर्शकों की भीड़ ऑस्ट्रेलिया के मैच देखने के लिए उमड़ी थी, उन्होंने वैसा प्रदर्शन नहीं किया।भारत, पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के समर्थकों के साथ ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों के उत्साह की तुलना करते हुए, पूर्व क्रिकेटर गिलक्रिस्ट ने कहा कि एमसीजी में भारत और जिम्बाब्वे के बीच प्रतियोगिता, जहां 82,000 दर्शक सुपर 12 मैच देखने के लिए आए थे, एक पूरी तरह से अलग एहसास था।

50 वर्षीय पूर्व विकेटकीपर गिलक्रिस्ट ने कहा कि समय बताएगा कि घरेलू टीम के प्रशंसकों के बीच रुचि में कमी का कारण क्या था, ऑस्ट्रेलियाई टीम के राष्ट्रीय टीम में जुनून खोने के बारे में वास्तविक चिंताएं बढ़ रही हैं।

ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों की अपनी टीम के प्रति खराब प्रदर्शनों के कारणों में से एक यह हो सकता है कि आरोन फिंच की टीम टी20 विश्व कप के अपने शुरुआती सुपर 12 मैच में न्यूजीलैंड से 89 रन से हार गई थी, जिससे संभवतः उनकी राष्ट्रीय टीम में रुचि कम हो गई।

ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में आगे नहीं बढ़ सका, शनिवार को श्रीलंका पर इंग्लैंड की जीत ने मेजबान टीम की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

96 टेस्ट के इस अनुभवी खिलाड़ी ने सोमवार को सेन डब्ल्यूए ब्रेकफास्ट से कहा, आपको केवल भीड़ को देखना है, भीड़ कम थी। जिस तरह से ऑस्ट्रेलियाई मैचों में दर्शकों की भीड़ उमड़ी, उससे इस विश्व कप में उनके लिए कोई बड़ा उत्साह नहीं था।

# भारत ने दूसरे स्वर्ण और कांस्य पदक अपने नाम किया



यूएई, भारत ने अल ऐन में 2022 विश्व शूटिंग पैरा–स्पोर्ट्स (डब्ल्यूपीएस) विश्व चैम्पियनशिप के दूसरे दिन दो पदक जीते, जिसमें एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक शामिल है। टीम स्पर्धा में राहुल जाखड़, सिंहराज और निहाल सिंह की टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

व्यक्तिगत स्पर्धा में, राहुल जाखड़ ने कांस्य पदक जीता, जो दक्षिण कोरिया के किम जुंगनाम और यूक्रेन के ओल्सकेन डेनिसियुक से पीछे रह गए। जंगनम डेनिसियुक से 28 अंक आगे और जाखड़ ने 21 अंकों के साथ समाप्त किया।

पी3 25 मिक्स्ड पिस्टल एसएचआई के क्वालीफाइंग चरण में, जाखड़ ने 582 अंक और 12 गुणा (आंतरिक 10एस) के स्कोर के साथ रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था, जिसमें जंगनाम और डेनिसियुक क्रमशः 577 और 575 अंकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर थे।

अन्य भारतीयों में, सिंहराज को 565 (10गुणा) के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रखा गया था, जबकि निहाल सिंह क्वालीफाइंग राउंड के बाद उतने ही अंकों के साथ 8वें स्थान पर थे, जितने उन्होंने फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में, निहाल सिंह 20 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे, जबकि पैरालंपिक खेलों के जुड़वां पदक विजेता सिंहराज 13 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे। पी3–मिक्स्ड एयर राइफल प्रोन इवेंट में, भारत की अवनी लेखरा ने क्वालीफाइंग दौर में 630.6 अंक के साथ 19वें स्थान पर रहीं। सिद्धार्थ बाबू 631.3 अंकों के साथ 17वें स्थान पर रहे। भारत के साथी राइफल शूटर, स्वरूप महावीर भी क्वालीफाइंग चरण में 45वें स्थान पर रहने के लिए 622.5 के नीचे के स्कोर के साथ आए। जापान की यूलिया वतनबे 637.7 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं और जर्मनी की नताशा हिलट्रॉप 636.2 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। स्लोवाकिया की वेरोनिका वडोविकोवा ने 255.5 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता।

## विश्वकप सेमीफाइनल से पहले अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान रोहित शर्मा चोटिल, टीम इंडिया की चिंता बढ़ी!

एडिलेड, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की बांह में मंगलवार को यहां वैकल्पिक अभ्यास सत्र के दौरान चोट लग गई जिससे भारत की इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल से पहले चिंता बढ़ गई। रोहित अभ्यास की सामान्य ड्रिल कर रहे थे। वह एडिलेड ओवल में टीम के थ्रोडाउन विशेषज्ञ एस रघु का सामना कर रहे थे जब एक शार्ट पिच गेंद तेजी से उछलकर उनके दायीं बांह पर लगी। भारतीय कप्तान पुल शॉट खेलने के प्रयास में चूक गए और गेंद तेजी से उनकी बांह पर जा लगी। साफ दिख रहा था कि उन्हें काफी दर्द है और वह तुरंत ही अभ्यास सत्र छोड़कर चले गए। उनकी दाहिनी बांह पर बड़ा आइस पैक बंधा हुआ था। जब वह दूर से अभ्यास सत्र देख रहे थे तो काफी परेशान लग रहे थे।

# चैंपियंस लीगः लिवरपूल का सामना अंतिम 16 में रियाल मैड्रिड से होगा



लंदन, पिछले सीजन के फाइनलिस्ट लिवरपूल और रियाल मैड्रिड चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में एक–दूसरे का सामना करने के लिए तैयार हैं, जो फरवरी और मार्च 2023 में खेला जाएगा, जिसमें इंग्लिश क्लब को हार अपना बदला लेने का मौका मिलेगा।


जुर्गन क्लॉप की अगुवाई वाली टीम सैंटियागो बर्नब्यू में वापसी के मैच से पहले, एनफील्ड में टाई के पहले चरण की मेजबानी करेगी। संघर्ष, निश्चित रूप से पिछले सीजन के फाइनल के रीमैच की तरह ही होगा और इतिहास में टीमों के बीच 10वां और 11वां मैच होगा। रियाल मैड्रिड ने अपना 14वां यूरोपीय खिताब उठाने के लिए फ्रांस के सेंट–डेनिस में स्टेड डी फ्रांस में 2021–22 का फाइनल 1–0 से जीता था।

इस बीच, मैनचेस्टर सिटी को फिर से एक अनुकूल टाई सौंपी गई है, इस बार जर्मन टीम आरबी लीपजिग के खिलाफ, जबकि साथी इंग्लिश क्लब, टोटेनहम हॉटस्पर का सामना एसी मिलान, सीरी ए चैंपियन और चेल्सी बोरुसिया डॉर्टमुंड से होगा।

एक और पेचीदा मैच में, पेरिस सेंट–जर्मेन (पीएसजी) का सामना क्रमशः जर्मन दिग्गज बायर्न म्यूनिख, फ्रेंच और जर्मन चैंपियन से होगा। अन्य अंतिम–16 संबंधों में इंट्राचैट फ्रेंकफर्ट का सामना नेपोली, क्लब ब्रुग का सामना बेनफिका और इंटर मिलान का पोटरे से होगा।पहला चरण 14,15 और 21, 22 फरवरी को होगा, जबकि दूसरा चरण 7, 8 और 14 और 15 मार्च को होगा।

# फिल्मी गपशप

## जल्द ही फिल्म काला में नजर आएँगे इरफ़ान खान के बेटे बाबिल



इरफान खान के बेटे बाबिल खान की यह डेब्यु मूवी कही जा रही है। मंगलवार को मूवी का नया पोस्टर जारी किया गया साथ ही इसकी रिलीज डेट भी घोषित कर दिया गया है, मूवी को दर्शक 1 दिसंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते है।

मूवी बुलबुल की राइटर–डायरेक्टर अन्विता दत्त एक बार फिर नेटफ्लिक्स पर हंगामा मचाने जा रही है। जल्द ही उनकी मूवी ह्यकालाह्ल रिलीज हो चुकी है। काला एक साइकोलॉजिकल ड्रामा मूवी है मूवी में मुख्य कलाकार के रूप में बाबिल खान , स्वास्तिका मुखर्जी और तृप्ति डिमरी दिखाई देने वाले है । तृप्ति डिमरी इससे पहले अन्विता दत्त के साथ मूवी बुलबुल में काम कर चुकी हैं। जबकि

जल्द ही रिलीज होने वाली इस मूवी में तृप्ति एक गायिका की भूमिका में भी है, जबकि स्वास्तिका ने उनकी मां का रोल प्ले किया था। टीजर में मूवी का सेट इंडिया की आजादी से पूर्व,वर्ष 1930–40 का लग रहा हैं । एक युवा गायिका जिसकी आंखों में दर्द हैं , इसी दर्द ने उसे गायकी में शिखर पर पहुंचाया है। लेकिन यह मूवी सिर्फ उनकी गायकी के इर्द–गिर्द नहीं है बल्कि मूवी का एक और जरूरी भाग है। उनका और उनकी मां ( स्वास्तिका मुखर्जी) का रिश्ता हो या उनकी परवरिश हो सब कुछ अलग तरीके से हुआ है। इस कारण वह न्यूरोसिस का शिकार हो गई।खबरों का कहना है कि बाबिल खान, तृप्ति और स्वास्तिका के अलावा इस मूवी में अमित सियाल ,नीर राव , अविनाश राज शर्मा, आशीष सिंह भी अपने अभिनय का प्रदर्शन करते हुए दिखाई देने वाले है। जिसके पूर्व अमित सियाल ने महारानी और जामताड़ा मूवी में काम किया हैं। तो नीर राव शो फील्स लाइक होम में, अविनाश राज शर्मा फिल्म 14 फेरे में और आशीष सिंह गहराइयां में दिखाई दे चुके है।

## निक्की तंबोली ने फ्रंट कट गाउन में दिखाया अपना बोल्ड अवतार

बिग बॉस फेम एक्ट्रेस निक्की तंबोली इन दिनों सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं. एक्ट्रेस अपने हुस्न के जलवे बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस बेहद ही बोल्ड नजर आ रही हैं। बिग बॉस में धमाल मचा चुकी एक्ट्रेस मॉडल निक्की तंबोली अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने फोटो और फैशन सेंस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। निक्की अपनी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं। हाल ही में निक्की तंबोली ने फंट कट गाउन में अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें एक्ट्रेस काफी बोल्ड पोज देती नजर आ रही हैं। निक्की की इस ड्रेस में लोगों का ध्यान उनकी डीप नेक ड्रेस पर अटक गया। निक्की जिस तरह से पोज दे रही हैं, उसने इन तस्वीरों को और बोल्ड बना दिया है। जरूरत से ज्यादा डीप नेक और फंट कट वाली इस ड्रेस में निक्की इठलाते हुए पोज दे रही हैं। निक्की तंबोली की इन तस्वीरों पर हमेशा की तरह ही फैंस खूब कमेंट कर रहे हैं। बता दें कि निक्की तंबोली मात्र 26 साल की हैं और उन्होंने इतनी कम उम्र में ही अपना नाम और शोहरत बना ली है।

## भेड़िया यूनिट ने तमिल गीत एननाकाई पिराथवले नीया का ऑडियो किया लॉन्च



एक रोमांचक टीजर के बाद, जिसने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया, भेड़िया के निर्माताओं ने अब तमिल गीत एननाकाई पिराथवले नीया का ऑडियो लॉन्च कर दिया है।

निर्देशक अमर कौशिक की भेड़िया, जिसमें वरुण धवन और कृति सेनन मुख्य भूमिका में हैं, हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होने वाली है।

कार्तिक इस ऑडियो में कोई रोमांटिक गाना गा रहे हैं। ट्रैक के बोल श्रोता को प्रसन्न करते हैं, और इसका भावपूर्ण संगीत कानों को भी भाता है!एनाकाई पिराथवले नीया को सचिन–जिगर ने कंपोज किया है, जिसमें कार्तिक के स्वर हैं, और गीत एस सुनंदन और अमिताभ भट्टाचार्य ने दिए हैं।

ऑडियो अभी आउट हो गया है और गाना सोमवार को रिलीज होगा।जियो स्टूडियोज और दिनेश विजन द्वारा प्रस्तुत भेड़िया में वरुण धवन और कृति सैनन के अलावा दीपक डोबरियाल और अभिषेक बनर्जी भी हैं।

यह फिल्म पूरे देश में हिंदी, तेलुगु और तमिल में 2डी और 3डी में इस साल 25 नवंबर को रिलीज होनी है।

## पंकज त्रिपाठी की क्रिमिनल जस्टिस 4 पर शुरू हुआ काम, प्रोड्यूसर ने की पुष्टि



ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अभिनेता पंकज त्रिपाठी का जादू सिर चढ़कर बोलता है। हाल में वह वेब सीरीज क्रिमिनल जस्टिस 3 में नजर आए थे। अब इस सीरीज के प्रोड्यूसर और अप्लॉज एंटरटेनमेंट के सीईओ समीर नायर ने एक इंटरव्यू में बताया है कि क्रिमिनल जस्टिस 4 पर काम शुरू हो चुका है। अब तक आए इस सीरीज के तीनों सीजन को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा, हम उत्साहित हैं और अब हम इसका चौथा सीजन बना रहे हैं। यह एक ऑरिजनल सीरीज होगी, क्योंकि किसी ने दुनिया में अब तक इसके चार सीजन नहीं बनाए हैं। माधव मिश्रा (पंकज) अपने आप में एक कैरेक्टर बन गया है। हम चौथे सीजन के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सीईओ समीर ने आगे बताया कि उनकी टीम ने क्रिमिनल जस्टिस 4 की स्क्रिप्ट लिखनी शुरू कर दी है। इसके आगामी सीजन की कहानी बिल्कुल अलग होगी। वह इसे चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट मानते हैं। उनकी मानें तो किसी भी सीरीज के किरदारों और कहानी को रोचक बनाने के लिए काफी रिसर्च करना पड़ता है। अब देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स कब इस सीरीज की आधिकारिक घोषणा करते हैं। अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने अब तक कई चर्चित प्रोजेक्ट्स का निर्माण किया है। इस प्रोडक्शन कंपनी ने द ऑफिस, होस्टेज, ला फेमिग्लिया और योर ऑनर जैसे विदेशी शोज का हिंदी में निर्माण किया है।

## बैडऐस रविकुमार में दिखेंगे हिमेश रेशमिया, नई फिल्म का हुआ ऐलान



मशहूर गायक–संगीतकार हिमेश रेशमिया ने 2007 में आपका सुरूर से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने करीब 10 फिल्मों में काम किया। वह पिछली बार फिल्म हैप्पी हार्डी ऐंड हीर में नजर आए थे। यह फिल्म 2020 में आई थी। अब हिमेश ने अपनी नई फिल्म का ऐलान किया है। यह फिल्म कोई और नहीं, बल्कि उनकी फिल्म द एक्सपोज का स्पिन ऑफ है। गुरुवार को हिमेश ने टीजर के साथ नई फिल्म बैडऐस रविकुमार की घोषणा की।2014 की फिल्म द एक्सपोज में हिमेश का किरदार रविकुमार चर्चित था। अब इस किरदार पर हिमेश अलग फिल्म लेकर आए हैं। इस फिल्म में रविकुमार अकेले 10 विलेन से भिड़ता नजर आएगा। इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए हिमेश ने लिखा कि प्रशंसकों का प्यार उन्हें हमेशा अभिभूत करता है और प्रशंसक इस किरदार पर नई फिल्म का इंतजार कर रहे थे। बकौल हिमेश, इस ऐक्शन एंटरटेनर फिल्म में आपको रविकुमार के पागलपन की सीमा देखने को मिलेगी।हिमेश ने अभी फिल्म की महिला कलाकार का नाम उजागर नहीं किया है। न ही अभी विलेन का किरदार निभाने वाले दस कलाकारों के नाम बताए हैं। शुक्रवार को फिल्म का पहला गाना रिलीज किया जाएगा। प्रशंसकों को गाने में फिल्म की अभिनेत्री का खुलासा होने की उम्मीद है। तरण आदर्श ने ट्विटर पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए लिखा कि हिमेश वापस आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर बैडऐस रविकुमार के लिए हिमेश को शुभकामनाएं मिल रही हैं।द एक्सपोज की बात करें तो यह एक थ्रिलर रोमांस ड्रामा फिल्म थी। फिल्म में हिमेश के साथ सोनाली राउत और जोया अफरोज नजर आई थीं। फिल्म में इरफान खान ने कैमियो किया था। फिल्म की स्क्रिप्ट खुद हिमेश ने लिखी थी। वहीं, इसका निर्देशन अनंत महादेवन ने किया था। इस फिल्म में गायक रैपर हनी सिंह ने भी अभिनय में अपना हाथ आजमाने की कोशिश की थी। फिल्म का निर्माण एचआर म्यूजिक बैनर तले हुआ था।

हिमेश टीवी का भी चर्चित चेहरा हैं। वह कई लोकप्रिय म्यूजिक रिएलिटी शो जज कर चुके हैं। हिमेश ने अपने करियर की शुरुआत 1998 में की थी। 2003 में सलमान खान की तेरे नाम से उन्हें लोकप्रियता मिली। आशिक बनाया, झलक दिखला जा, नाम है तेरा, तेरा सुरूर जैसे गानों से हिमेश ने 2000 के दशक पर राज किया। आपका सुरूर, कर्ज, जैसी फिल्मों में हिमेश ने अभिनय भी किया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com